भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 321 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज    मंगलवार 16 नवम्बर 2021    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।



क्रियायोग हं ★ क्षं परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## 14 करोड़ टीकाकरण करने वाला पहला राज्य बना यूपी

### सीएम योगी बोले- और बढ़ाएंगे वैक्सीनेशन की रफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने देश में अब तक सबसे अधिक टीकाकरण कर कीर्तिमान स्थापित किया है। अब तक यूपी में 14 करोड़ 03 लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है जिसमें 10 करोड़ 19 लाख को पहली डोज और 03 करोड़ 83 लाख को दूसरी डोज दी जा चुकी है। बता दें कि टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी के 69 फीसदी से अधिक लोगों ने पहली डोज प्राप्त कर ली है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में टीकाकरण की रफ्तार को बढ़ाने के लिए नए सिरे से मजबूत रणनीति बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक में प्रतिदिन लगने वाली टीके की पहली और दूसरी डोज को किसी भी हालत में बढ़ाने के आदेश दिए हैं। सीएम ने अधिकारियों को गांवों में वैक्सीनेशन को तेज करने के साथ गांवों में शिफ्ट वाइज वैक्सीनेशन के कार्यों को तेज करने व स्कूल और कॉलेज में भी वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित कर अभियान को तेज करने के निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश में टीकाकरण को तेजी से बढ़ाने के लिए क्लस्टर मॉडल, स्कूल कॉलेजों में टीकाकरण कैंप, गांवों में अधिक बूथ, कोरोनारोधी टीकाकरण से कोई न छूटे, इसके लिए जिला संयुक्त अस्पताल में रात 10 बजे तक टीकाकरण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने हर जिले में एक केंद्र पर रात दस बजे तक टीकाकरण कराए जाने के निर्णय से भी टीकाकरण अभियान को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश देते हुए नवंबर के अंत तक शत प्रतिशत लोगों को टीके की पहली डोज देने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



### श्रीनगर के हैदरपोरा में मारे गए 2 आंतकवादी, आम नागरिक की भी चली गई जान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में सोमवार को सुरक्षाबलों ने एक एनकाउंटर में दो आतंकियों को मार गिराया, जबकि इस दौरान एक आम नागरिक की भी जान चली गई। मारे गए आतंकियों की अभी पहचान नहीं हुई है। श्रीनगर के हैदरपोरा इलाके में सोमवार को यह मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया। क्लासिक हॉस्पिटल के बाद आतंकियों की ओर से फायरिंग किए जाने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए हैं, जबकि एक आम नागरिक की भी जान चली गई। मारे गए आम नागरिक की पहचान 44 वर्षीय कारोबारी मोहम्मद अल्ताफ भट के रूप में हुई है, जो ओल्ड बरजुला इलाके के रहने वाले थे और घटना स्थल के पास एक हार्डवेयर की दुकान चलाते थे। मारे गए आतंकियों और उनके संगठन की पहचान की जा रही है।

### यूपी चुनाव : अमित शाह, जेपी नड्डा और राजनाथ सिखाएंगे बूथ जीतने के गुर

**लखनऊ।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने काशी में एक बार फिर पार्टीजनों को बूथ जीता-चुनाव जीता का सूत्र दिया। इसके बाद पार्टी ने बूथ प्रबंधन की प्रक्रिया पर काम तेज कर दिया है। इस जिम्मेदारी को संभालने वाले बूथ अध्यक्षों के क्षेत्रवार सम्मेलन आयोजित किए गए हैं। इन सम्मेलनों के जरिए पार्टी नेतृत्व सभी बूथ अध्यक्षों को प्रबंधन के गुर सिखाएगा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह पार्टी के दो-दो संगठनात्मक क्षेत्रों में बूथ सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। वर्ष 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव हो या 2017 का विधानसभा चुनाव, भाजपा ने बेहतर बूथ प्रबंधन के जरिए बड़ी सफलता हासिल की थी। एक बार फिर पार्टी उसी प्रयोग को दोहराना चाहती है। यही कारण है कि संगठन की इस सबसे छोटी इकाई पर पूरी ताकत झोंकने की तैयारी की जा रही है। पार्टी ने बूथ स्तर तक की कमेटियों के गठन और उनके सत्यापन का काम पहले ही पूरा कर लिया था। उसके बाद पन्ना प्रमुख भी बनाए जा चुके हैं। अब बूथ की इन कमेटियों को उनकी चुनावी भूमिका समझाई जाएगी। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने-हटवाने से लेकर वोटरों को बूथ तक पहुंचाने का जिम्मा इन्हीं कमेटियों और पन्ना प्रमुखों की टीम के जिम्मे होगा।

पार्टी ने बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन के कार्यक्रम तय कर लिए हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 नवंबर को गोरखपुर क्षेत्र और 23 नवंबर को कानपुर क्षेत्र के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। अवध क्षेत्र का सम्मेलन सीतापुर में और काशी क्षेत्र का जौनपुर में 25 नवंबर को होगा। इन दोनों ही सम्मेलनों में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी रहेगी। वहीं बृज और पश्चिम क्षेत्र के बूथ सम्मेलनों में गृहमंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे। इनकी तिथियां तय की जा रही हैं।

## फारूक अब्दुल्ला बोले- मुसलमानों पर हमले हो रहे, मस्जिदें नष्ट की जा रहीं, सरकार दूर करे डर

**जोधपुर।** जोधपुर (राजस्थान), 15 नवंबर (भाषा) जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मुसलमानों के डर को दूर करने का सरकार से सोमवार को अनुरोध किया और आरोप लगाया कि समुदाय के लोगों पर हमले हो रहे हैं तथा उनकी मस्जिदें 'नष्ट' की जा रही हैं। हालांकि, उन्होंने किसी विशेष घटना का जिक्र नहीं किया। अब्दुल्ला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार को कार्रवाई करनी होगी क्योंकि भारत के साथ खड़े मुसलमानों की 'हत्या' हो रही है। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता की भी मांग करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच की समस्याएं खत्म करने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा, ''जब हम देश में देखते हैं, तब नजर आता है कि मुसलमानों पर हमले हो रहे हैं, उन्हें पीटा जा रहा है और मस्जिदें विस्फोट कर उड़ाई जा रही हैं। उन्होंने कहा, ''इसके शिकार हम होंगे, जो भारत के साथ खड़े हैं।



हम मारे जाएंगे क्योंकि भारत के सिवा हमारे पास रहने के लिए कोई और जगह नहीं है। हम समान हैं लेकिन जो स्थिति बन रही है वह डर पैदा करती है और उसे (सरकार को) इसका हल करना होगा।'' अब्दुल्ला ने कहा कि भारत-पाक के बीच संबंधों में तनाव के चलते हिंदुओं और मुसलमानों के बीच संबंध प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने केंद्र पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि वे चीन के साथ वार्ता कर सकते हैं, जबकि वह भारत के भू-भाग में है तथा प्रतिदिन और आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''हम चीन के साथ वार्ता कर सकते हैं तो पाकिस्तान के साथ क्यों नहीं। चीन हमारे क्षेत्र में है और प्रतिदिन आगे बढ़ रहा है।'' उन्होंने जम्मू कश्मीर की मौजूदा स्थिति के बारे में कहा, ''मीडिया वहां स्वतंत्र नहीं है।

### लखनऊ सहित 11 जिलों में बढ़ी पराली जलाने की घटनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में तमाम रोकथाम के बावजूद पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। राजधानी लखनऊ सहित राज्य के 11 जिले ऐसे हैं जहां गत वर्ष की अपेक्षा इस साल धान की कटाई के बाद पराली जलाने के अधिक मामले सामने आए हैं। इसके अलावा दर्जनभर जिलों में भी पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गई हैं। यह खुलासा इस साल सेटेलाइट रिमोट सेंसिंग की रिपोर्ट में हुआ है। मुख्य सचिव राजेंद्र तिवारी ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को सोमवार को पत्र जारी कर पराली प्रबंधन में व्यक्तिगत रुचि लेने को कहा है। निर्देश दिए हैं कि हर हाल में इन घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित हो।

## दिल्ली नहीं हरियाणा के इस शहर में सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण, चौंकाने वाले आंकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी)।** देश के कई शहर विशेष रूप से उत्तरी हिस्सों में रहने वाले लोग लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण और कोरोना वायरस महामारी की दोहरी मार झेल रहे हैं। वायु प्रदूषण ने न सिर्फ आम जनता, सरकार और अदालत तक के नाक में दम कर दिया है। दिल्ली और हरियाणा में तो सरकार ने स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी है। पिछले 24 घंटे के एक्यूआई लेवल की बात करें तो परिणाम चौंकाने वाले हैं। दिल्ली नहीं हरियाणा के नारनौल शहर में सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई है।

दिल्ली लगातार बेहद खराब वायु गुणवत्ता में दम तोड़ रही है। हालत की गंभीरता के कारण मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक सप्ताह के लिए स्कूलों को बंद करने की घोषणा की और एक सप्ताह के लिए सभी सरकारी कार्यालयों में 100 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम की घोषणा की। राजधानी दिल्ली के पड़ोसी राज्य हरियाणा ने भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बढ़ते प्रदूषण के स्तर के कारण चार जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, झज्जर और सोनीपत में सभी स्कूलों को 17 नवंबर तक बंद करने का फैसला किया है।



देश के कई शहरों खासकर उत्तरी भारत के शहरों में वायु प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। वायु की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। पिछले 24 घंटे के आंकड़े तो और भी चौंकाने वाले हैं। किसी शहर का एक्यूआई केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दर्ज किया जाता है। इसके अनुसार शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 को 'मध्यम', 201 और 300 को 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से ऊपर वाली स्थिति में 'गंभीर' माना जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भारतीय शहरों के एक्यूआई पर 24 घंटे का डेटा जारी करता है। पिछले 24 घंटों में जारी की गई सूची के मुताबिक दिल्ली की वायु गुणवत्ता देश में सबसे खराब नहीं है। पहले नंबर पर हरियाणा का नारलौन शहर है।

### मुश्किल में फंसे ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, कस्टम विभाग ने जब्त की 5 करोड़ की 2 घड़ियां

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के लिए कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा है। यूएई और ओमान में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन की वजह से पहले चयनकताओं ने उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 इंटरनेशनल सीरीज से बाहर कर दिया और अब खबर है कि एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने उनकी 5 करोड़ की दो घड़ियां जब्त की हैं। हार्दिक के पास इन घड़ियों का बिल नहीं था और उन्होंने घड़ियों को डिक्लेयर भी नहीं किया था। 'एबीपी लाइव' के मुताबिक, यूएई से हार्दिक टीम के साथ रविवार देर रात स्वदेश लौटे थे। यहां उन्हें कस्टम विभाग ने रोक लिया और दो घड़ियों को डिटेन कर दिया। बता दें कि हार्दिक को महंगी घड़ियों का काफी शौक है। उनके कुछ महीने पहले ही ढंशे' द्धँस्त्रस्त्री ठं४३’४२ ढ’३ल्ल४ 5711 घड़ी खरीदी है, जिसकी कीमत 5 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। फिनिशर के तौर पर टी-20 वर्ल्ड कप खेलने गए हार्दिक बल्ले से बुरी तरह फ्लॉप रहे और पांच मैचों की तीन पारियों में मात्र 69 रन ही बना सके। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ बेहद महत्वपूर्ण मैचों में तो उनका बल्ला बिल्कुल शांत रहा। चयनकताओं ने हाल ही न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए उनकी जगह वेंकटेश अय्यर को बतौर ऑलराउंडर टीम में शामिल किया है।

### उद्घाटन से पहले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की तस्वीरों संग पीएम मोदी का ट्वीट

**लखनऊ, एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के विकास पथ के लिए मंगलवार विशेष है। दोपहर 1:30 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन होगा। यह परियोजना अपने साथ यूपी की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिए कई लाभ लेकर आई है। यूपी में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ट्विटर पर इसे राज्य के विकास पथ में एक 'विशेष दिन' बताया। उन्होंने लिखा कि कल उत्तर प्रदेश के विकास पथ के लिए विशेष दिन है। दोपहर 1.30 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन होगा। यह परियोजना अपने साथ यूपी की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिए कई लाभ लेकर आई है। प्रधानमंत्री मंगलवार को लड़ाकू विमान से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ही लैंड करेंगे। 340 किमी लम्बे इस एक्सप्रेस वे से गाजीपुर से लखनऊ की दूरी महज साढ़े तीन घंटे में पूरी की जा सकेगी। उद्घाटन समारोह में वायुसेना का 45 मिनट का एयर शो भी होगा, जिसमें आधुनिकतम लड़ाकू विमान एक्सप्रेसवे पर बनी एयरस्ट्रिप पर से उड़ान भरेंगे।

## अब पूरा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे मथेंगे अखिलेश यादव, गाजीपुर से लखनऊ तक जाएगी रथयात्रा

**गाजीपुर।** मिशन 2022 को लेकर समाजवादी विजय रथयात्रा पर निकले अखिलेश यादव पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ही रथयात्रा निकालेंगे। गाजीपुर में इसकी इजाजत नहीं मिलने पर हुई रार के बाद कार्यक्रम में बदलाव कर दिया गया है। इसे एक दिन के लिए टालते हुए और बड़ा कर दिया गया है। पहले रथयात्रा गाजीपुर से आजमगढ़ तक जानी थी, अब यह लखनऊ तक जाएगी। अखिलेश को गाजीपुर से आजमगढ़ तक मंगलवार 16 नवंबर को रथयात्रा निकालनी थी। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के कारण इसकी इजाजत नहीं मिली। पुलिस-प्रशासन और सपा नेताओं के बीच रस्साकशी के बाद कोई हल नहीं निकला तो अखिलेश ने गाजीपुर में सभा की तारीख बदल दी। इसके साथ ही आयोजन को और बड़ा करते हुए कई जिलों से जोड़ दिया। लखनऊ से गाजीपुर तक बने एक्सप्रेसवे पर गाजीपुर से लखनऊ तक रथयात्रा जाएगी।

17 नवंबर की सुबह 10 बजे जनसभा के बाद गाजीपुर से रथयात्रा शुरू होगी। जिला प्रशासन से इसकी इजाजत भी मिल गई है। रथयात्रा को लेकर सपा नेताओं ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। गाजीपुर में मुहम्मदाबाद के पखनपुर में जनसभा, एक्सप्रेस-वे पर रोड शो समेत अन्य कार्यक्रम समेत रूट मैप और स्वागत स्थल भी तय हो गए हैं।



इससे पहले अखिलेश के कार्यक्रम की इजाजत नहीं मिलने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश सिंह, एमएलसी सुनील साजन, आनंद भदौरिया और संजय लाठर के साथ सपा का प्रतिनिधि मंडल डीएम से मिला। अपने फैसले पर पुनर्विचार का निवेदन किया लेकिन बात नहीं बनी। इस बीच अखिलेश यादव ने लखनऊ में योगी सरकार पर कई हमले किये।

रथयात्रा पर रोक लगने पर लखनऊ में अखिलेश यादव ने कहा कि जहां उनकी यात्रा होनी थी, प्रदेश सरकार ने बोल्डर रखवा दिया है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि गाजीपुर से सुल्तानपुर तक सपा नेताओं को अभी से घरों में कैद किया जा रहा है। उनकी गिरफ्तारी की तैयारी हो रही है। अखिलेश ने चेताते हुए यह भी कहा कि बसपा सकार में भी यमुना एक्सप्रेसवे पर सपाइयों को रोकने की कोशिश की थी।

## हिंदू धर्म ने देश को अच्छी संस्कृति दी, मुझे इस पर गर्व, घर पर हमले के बाद बोले खुर्शीद

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के नैनीताल स्थित घर पर तोड़फोड़ और आगजनी के बाद कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा है कि यह हमला उनपर नहीं बल्कि हिंदू धर्म पर है। हिंदुत्व की तुलना इस्लामिक स्टेट और बोको हराम जैसे आतंकी संगठनों से करने की वजह से हिंदुवादी संगठनों के निशाने पर आए खुर्शीद ने एएनआई से बातचीत में कहा कि उन्हें हिंदू धर्म पर गर्व है, इसने देश को महान संस्कृति दी है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''मैंने कहा (अपनी किताब में) है कि जो लोग इस तरह का काम करते हैं, वे हिंदू धर्म से नहीं हैं। हिंदू धर्म एक खूबसूरत धर्म है, जिसने देश को शानदार संस्कृति दी है और मुझे इस पर गर्व है। यह हमला मुझ पर नहीं, बल्कि हिंदू धर्म पर है।'' सोमवार दोपहर कुछ लोगों ने खुर्शीद के आवास पर तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके बाद कुमाऊं पुलिस ने 21 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।



हाल ही में कांग्रेस नेता की आई नई किताब 'सनराइज ओवर अयोध्याः नेशनहुड इन आवर टाइम्स' में उन्होंने हिंदुत्व और कट्टरवादी इस्लाम में तुलना की है। इसको लेकर उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। खुर्शीद ने एएनआई से कहा कि वह इस मुद्दे पर उन लोगों से चर्चा को तैयार हैं, जो उनका विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''मैंने हर जगह कहा है कि मेरे दरवाजे खुले हुए हैं। आपको आकर मेरे दरवाजे पर आग से निशान छोड़ने की क्या जरूरत है आइए और मुझ से बात कीजिए। हो सकता है कि मैं बदल जाऊं या आप बदल जाएं। लेकिन बातचीत और संवाद हमारी साझा जिंदगी का आधार है। कांग्रेस नेता ने आगे उम्मीद जताई कि मीडिया उन्हें इस बहस में मदद करेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि मीडिया ₹दूसरे लोग जो कर रहे थे, उसे प्रचारित करने में अधिक रुचि रखता है।₹ बातचीत की जरूरत पर जोर देते हुए खुर्शीद ने कहा, ₹हमें साथ आने की जरूरत है। यह देश इस तरह के विभाजन को नहीं झेल सकता, खासकर धर्म के नाम पर।₹ इससे पहले खुर्शीद ने फेसबुक पर घर की तस्वीरें दिखाते हुए लिखा था, ''क्या अब भी मेरा यह कहना गलत है कि यह हिंदुत्व नहीं हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### न्याय पंचायत स्तरीय अनाथ बच्चों को वितरित किया गया स्वेटर

**लेडियारी, प्रयागराज।** कोरांव तहसील अन्तर्गत न्याय पंचायत डीही खुर्द के बापू रुप नारायण सेवा समित द्रारा अनाथ बच्चों को बिद्यालयो को चिन्हित करने के बाद लगभग दश विद्यालयों में संस्था के सदस्यों के साथ एवं सामाजिक व्यक्तियों के साथ प्रबंधक बृजेश भुर्तिया द्वारा प्राथमिक विद्यालय कोलसरा प्राथमिक विद्यालय पथरपुर प्रा, बि, देवरी एवं खिवली, बडोखरा, देवीबाध आदि विद्यालयों में दर्जनों अनाथ बच्चों को संस्थान द्वारा ऊनी वस्त्र बितरित किया गया ।इस कार्य को देखकर क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है।

### आयुर्वेदिक दवा मार्केटिंग कंपनी ने किया सम्मानित

**जंघई।** एडब्लूपीएल आयुर्वेदिक दवा नेटवर्क मार्केटिंग कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव कुमार द्वारा खखैचा कोटेदार आकाश गुप्ता, पिलखिनी जंघई कोटेदार संदीप मिश्रा सहित आधा दर्जन लोगों को होटल गैलेक्सी प्रयागराज में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया ।इस अवसर पर सुरेश यादव, संतोष कुमार यादव, डाक्टर राम निरंजन यादव, राजेश यादव, रामशेर सिंह पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आशनाई के चक्कर में गई युवक की जान शरीर पर मिले धारदार हथियार के कई निशान

**सुबह से शाम तक जांच पड़ताल करती रही एसओजी टीम, प्राथमिक विद्यालय के सामने रोड पर दिखे खून के छींटे**

**लास्ट लोकेशन, कॉल डिटेल से खुल सकता है मौत का राज**

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** लालपुर थाना क्षेत्र के बसहरा-मानपुर गांव की सीमा में स्थित बारिया झगड़ा नाले में सोमवार को एक युवक का शव उतराता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और उसकी पहचान करने का प्रयास किया परंतु पहचान नहीं हो सकी कुछ देर के पश्चात जैसे ही युवक की फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुई तो उसकी पहचान हो गई । जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को हुई तो घटना स्थल पर फोर्स के साथ एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित, क्षेत्राधिकारी बारा, एसओजी व फारेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए तथा जांच पड़ताल करने में जुट गए । प्रतीत होता है कि जैसे किसी ने धारदार हथियार से मार कर शव को नाले में फेंक दिया ' मामले की जांच में तीन संदिग्धों से पुलिस पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा गांव निवासी राशिद (21) पुत्र विलायत अली चेन्नई में रहकर नौकरी करता था। राशिद के साथ में ही लालापुर क्षेत्र के बेलामुंडी गांव निवासी विवेक पाल भी नौकरी करता था। लोगों का कहना है कि दोनों जब अपने घर आते थे तो दोनों एक दूसरे के यहां हाल-चाल लेने पहुंचते थे । जानकारी के मुताबिक राशिद के पिता ने कुछ वर्ष पूर्व दूसरी शादी कर ली थी। इसके बाद वह दूसरी बीवी के साथ बारा के बुदावां में रहने लगा था। राशिद अपनी मां और सात भाइयों के साथ जसरा गांव स्थित घर में रहता था। वह अभी कुछ दिनों पूर्व ही चेन्नई से घर आया था। सोमवार सुबह उसका शव बसहरा गांव की मोरी के समीप झगड़ा बारिया नाले में उतरता दिखा। राशिद के सिर व शरीर में कई जगह गहरे चोट के निशान थे तथा उसके शरीर से खून निकल रहा था। यह देखकर उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं बेलामुंडी गांव के पास स्थित एक स्कूल के सामने रोड पर भी खून के छींटे और धब्बे जमीन पर पड़े मिले है। इससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से आठ किलोमीटर दूर नाले में ले जाकर फेंका गया। घटना की पड़ताल करते हुए पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं दूसरी तरफ इसी घटना को आशनाई से भी जोड़ कर देखा जा रहा है कहीं न कहीं बुलाकर हत्या कर दी गई है ऐसा लोगों का कहना है।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीणों की भीड व मृतक की फाइल फोटो

### सीढ़ी के सहारे घर में घुसे चोरों ने महिला को पीटकर नकदी, जेवर भरे बक्से को उड़ाया

**घूरपुर।** बारा थाना क्षेत्र के परसरा गांव में रविवार की रात एक घर में घुसे चोरों ने सो रही महिला को पीटकर घायल कर रुपयों व जेवर रखे बक्से को पार कर दिया । महिला की चीखपुकार सुन घर के लोग जगे तब तक चोर छत के सहारे पीछे कूदकर भाग निकले ।

बारा थाना क्षेत्र के परसरा गांव निवासी संगम लाल तिवारी की पत्नी अरुणा देवी रोज की तरह अपने कमरे में रविवार की रात सो रही थी । इसी बीच देर रात कमरे में अज्ञात चोर घुसे और उनके पास से बक्से की चाबी निकालने लगे ।इसी बीच अरुणा देवी की नींद खुली तो एक चोर को अरुणा ने पकड़ लिया ।इसी बीच चोरों ने ईंट से महिला को घायल कर बक्से को जिसमे चालीस हजार का एफडी का कागजात लगभग पचास हजार नकदी व बीस हजार रुपये के जेवर रखे थे को लेकर फरार हो गए । अरुणा ने शोर मचाया तो घर के लोग जगे लेकिन बाहर से दरवाजो की कुंडी बदमाशों द्वारा बंद कर दी गई थी । जिससे घर के लोग बाहर नहीं निकल सके और बदमाश छत पर चढ़ बगल की छत पर रखी बास की सीढ़ी के सहारे पीछे खेत में कूदकर भाग निकले ।आस पास के लोग पहुंचे तो कमरों की कुंडी खोली तब जाकर घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना बारा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की ।

## न्यूज झरोखा

### श्री संत शिरोमणी नामदेव महाराज की मनाई गई जयंती



**नैनी।** श्री संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की 751 जयंती पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य एवं राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त राधेश्याम नामदेव ने दो जनपदों का दौरा किया। प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज जनपद के समाजसेवियों के साथ नामदेव जयंती मनाया गया। रविवार को प्रतापगढ़ से चलकर प्रयागराज जनपद में पहुंचे और ललिता देवी मंदिर के निकट अपने दर्जी समाज की धर्मशाला में संत शिरोमणि नामदेव महाराज को नमन किया और उसके तत्पश्चात औद्योगिक क्षेत्र के महुअरिया ग्राम सभा में भाई लाल नामदेव के यहां संत शिरोमणी नामदेव महाराज के चित्र दीप प्रज्वलित कर समाज को संदेश दिया कि आज तक इतने दिन बीत गए किसी भी राजनीतिक पार्टी ने दर्जी समाज के बारे में नहीं सोचा, अगर किसी ने समाज की सुध ली है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। जिन्होंने आपके बीच के केंद्रीय मंत्री दर्शना जरदोष को रेल एवं कपड़ा मंत्रालय देकर समाज को आगे बढ़ाने का काम किया और इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश में दर्जी समाज का नेतृत्व करते हुए राधेश्याम नामदेव को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का सदस्य बना कर राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त सम्मान दिया। इस मौके पर शिव कुमार, ज्ञानेंद्र प्रकाश, संजीव कुमार, भाई लाल नामदेव समेत कई लोग मौजूद रहे।

### प्रधान संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**जसरा।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन प्रदेश के मुख्य मंत्री को रमाबाई अम्बेडकर मैदान लखनऊ में 28 अक्टूबर को प्रदेश के चालीस हजार से अधिक प्रधानों की महारैली के माध्यम से 13सूत्रीय मांग सरकार के समक्ष रखकर उसके क्रियान्वयन हेतु पन्द्रह दिवस का समय दिया गया था। परन्तु समयावधि पूर्ण होने के बाद भी प्रदेश सरकार द्वारा संगठन के किसी भी मांग पर कोई कार्यवाही न करने से जसरा ब्लॉक के प्रधान संघ के अध्यक्ष दारा सिंह पटेल की अगुवाई में बीडीओ जसरा हरिओम गुप्ता को तेरह सूत्रीय प्रधानों संग ज्ञापन दिया। प्रधान संघके अध्यक्ष दारासिंह पटेल ने ज्ञापन देते हुए खंड विकास अधिकारी जसरा हरिओम गुप्ता से कहा कि प्रदेश सरकार यदि हमारी मांगों को नहीं माना तो 25 नवम्बर से पूरे ब्लॉक के प्रधानों द्वारा काम बंद करते हुए असहयोग आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान हीरामन सिंह, आशीष सोनकर,बृजेश बिन्द, राम मनोहर कुशवाहा,बृजेश कुमार सोनकर,सूरज यादव,भीम पटेल,विजय बी पटेल, संतोष जायसवाल,बिहारी लाल जायसवाल, मुकेश उपाध्याय सहित दर्जनों प्रधान मौजूद रहे।

### महगाई के खिलाफ काग्रेसियो ने निकाली पदयात्रा



**करछना।** क्षेत्र के पूराघीसन चौराहे से काग्रेसियो ने महगाई के खिलाफ जन जागरण प्रतिज्ञा यात्रा निकालते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियो के चलते महगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी चरम पर है इसके लिए आम जनता को एकजुट होकर इस सरकार को उखाड फेकना चाहिए जिससे जनता को महगाई बेरोजगारी से निजात मिल सके ।प्रदेश के विकास के लिए काग्रेस ही एक विकल्प है ।इस मौके पर सुरेश पटेल,दिनेश सोनी प्रकाश पाडेय,केवला प्रसाद पटेल,अमजद असारी,प्रमोद पटेल आशीष मिश्र कमल,रामबाबू आदि मौजूद रहे।

### इंटरलाकिंग रोड का प्रधान ने किया उदघाटन



**रत्योरा।** विकास खण्ड कोरांव के रत्योरा करपिया गाँव में प्रधान के द्वारा पक्की सड़क से लक्ष्मीकांत कुशवाहा के घर तक बनवाई गई इंटरलॉकिंग रोड का ग्राम प्रधान शशिकांत कुशवाहा के द्वारा फीता काटकर उदघाटन किया ।ज्ञातब्य हो कि ग्राम प्रधान के द्वारा रत्योरा करपिया गाँव के मजरा करपिया में महेन्द्र कोल के घर से बब्बू पांडेय के घर तक व अवधलाल के घर से बलराम मिश्र के घर तक इंटरलाकिंग रोड ग्राम विकास अधिकारी इन्द्रबहादुर सिंह व ग्राम प्रधान शशिकांत के द्वारा बनवाया गया है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के कार्य से खुश नजर देखने को मिला वार्ता के दौरान ग्राम प्रधान शशिकांत ने कहा कि गांव का विकास कराना ही हमारी प्रथम प्रथमिकता है ।विकास कार्यों में कोई लापरवाही नही होगा प्रधान ने बताया कि करपिया में पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है ।जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा ।उन्होंने कहा कि गरीब पात्र लोगो को प्रधानमंत्रीआवास शौचालय व पेशन आदि कराया जा रहा है ।ग्राम प्रधान के विकास कार्यो से ग्रामीणों में खुशी जाहिर है ।इंटरलाकिंग रोड का फीता काटते समय मौके पर अरविंद तिवारी बैजनाथ पाल राजू तिवारी नेता कुशवाहा शिवबहादुर कुशवाहा गुलाब शंकर रामचरन पाल शैलेन्द्र पाल पारस सिंह रामसूरत कोल राजित राम कोल रविन्द्र सिंह विपिन कुमार कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

### महामंत्री प्रधान संघ करछना ने महिलाओ को दिया उपहार



**करछना।** महिला सशक्तिकरण कार्यकम में विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत चनैनी गांव के प्रधान धीतेश तिवारी महामंत्री प्रधान संघ ने बेटी पढाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम में महिलाओं को उपहार स्वरूप वितरण किये।

# करछना में प्रधानो ने ब्लाक मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेस

### 13 सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ को सौपा



वीडीओ को ज्ञापन देते प्रधान संघ करछना

**करछना।** विकास खण्ड करछना मे सोमवार को प्रधान सघ करछना के अध्यक्ष आकृति सिह की ओर से मुख्यमत्री को सबोधित 13 सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ को सौपा जिसमे 28 अक्टूबर को लखनउ रमाबाई अम्बेडकर मैदान पर 40 हजार से अधिक प्रधानो की विशाल रैली हुई थी ।जिसमे अपनी विभिन्न मागो को लेकर सरकार को 15 दिन का समय दिया गया था लेकिन समय बीत जाने के बाद भी मागो पर कोई कोई निर्णय सरकार के द्वारा नही लिया गया ।मागपत्र के मुताबिक आज एक दिन का कार्य वहिष्कार करते हुए चेतावनी दी है कि अगर 25 नवम्बर के पहले मागे नही मागी गई तो कार्य वहिष्कार और असहयोग आंदोलन चलाया जाएगा ।मागो मे प्रमुख रूप से ग्राम पचायत को मिलने वाले अधिकार और डाटा इन्ट्री आपरेटर का मानदेय सरकार के द्वारा दिए जाने माह मे एकबार जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता मे पंचायत दिवस मनाया जाए और पचायतो से जुडे सभी कर्मी गाव मे पहुचकर पचायतो से जुडी सभी समस्याओ का तुरत मौके पर करे,पचायत से जुडे राज्सव कर्मी पचायत कर्मी,राशन कोटेदार व सरकारी स्कूल के अध्यापको उपस्थिति कार्य प्रामणन और निलंबन की अधिकार दिया जाए और प्रधानो क्षेत्र पचायत सदस्य को सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेस दिया जाए,बिना शपथपत्र के जाच न कराई जाए और साथ ही जिला योजना समिति मे प्रधानो को प्रतिनिधित्व दिया जाए ।इस मौके पर अवतार सिह,विजय शकर तिवारी,गुलाम मुस्तफा नाग्रेद्र शर्मा संदीप कुमार यादव, चंद प्रकाश तिवारी, अमरजीत यादव, शिव गणेश पटेल अमर नाथ द्विवेदी, समेत कई प्रधान और उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।



### जन आशीर्वाद यात्रा में कैप्टन करन सिंह ने नेदुला में लगाई चौपाल

**जंघई।** जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान सोमवार को ग्राम सभा नेदुला में पूर्व प्रत्याशी अपना दल भाजपा गठबंधन कैप्टन करन सिंह ने लोगों से मुलाकात कर कुशल क्षेम जाना और प्रतापपुर विधानसभा विकास के लिए लोगों से आशीर्वाद मांगा। साथ ही लोगों को भाजपा अपनादल एस सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो एवं उपलब्धियों को बताया । लोगों से अपील किया कि आप सभी लोग प्रतापपुर से अपनादल एस और भाजपा के प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद दें जिससे अपने विधानसभा प्रतापपुर का भी विकास हो सके।



### नौसिखिया कार चालक ने वृद्ध महिला दुकानदार को रौंदा हालत चिंताजनक

**जंघई।** सरायममरेज थाना एवं पुलिस चौकी जंघई क्षेत्र के जंघई दुगार्गंज रोड पर पिलखिनी मोड़ के पास सोमवार सुबह एक नौसिखिया कार चालक जो कि रविवार को अपने रिश्तेदारी में आया था वह ड्राइवर को बगल की सीट पर बैठाकर सोमवार को कार चलाते हुए वापस अपने घर जा रहा था ।अचानक कार चालक अनियंत्रित हो गया और बेकाबू कार दुकान मे जा घुसी और दुकान में बैठी वृद्ध केशकुमारी 65 वर्ष सब्जी दुकानदार को अपने चपेट में ले लिया। जिससे महिला के दोनों पैर बिलकुल घुटने के पास कुचल उठे हैं और बुरी तरह पूरा शरीर लहुलुहान हो गया है ।सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज जंघई राजकुमार त्रिवेदी ने कार को कब्जे में ले लिया है। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने घायल महिला को निकाला और पुलिस एवं ग्रामीणों की मदद से जिला चिकित्सालय इलाज के लिए भेज दिया हालत चिंताजनक है ।वृद्ध महिला सब्जी की दुकान और उनका इकलौता बेटा किराने की दुकान चलाकर अपना एवं परिवार का भरण पोषण करते हैं।

# चनैनी गांव में महिला सशक्तिकरण कार्यकम मे महिलाओं को दिए गए लैपटॉप व शोलर लाइट



मुख्य अतिथि ने महिलाओ को वितरित करते पाठ्य सामग्री

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायत चनैनी गांव में आयोजित महिला सशक्तिकरण एवं नशा मुक्त समाज एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में गांव की महिलाओं व बेटियों को शोलर लाइट व लैपटॉप देकर उनका होसला अफजाई की ।कार्यक्रम के संयोजक प्रधान संघ करछना विकास खंड के संघ के महामंत्री प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी ने गांव की महिलाओं व बेटियों को महिला सशक्तिकरण कार्यकम में उनकों सहयोग तथा आगे बढाने के लिए इस कार्यक्रम में उपहार देकर समाज को एक नया संदेश दिया है, उनके इस पुनीत कार्य को लेकर गांव के गणमान्य लोगों ने सराहनीय कार्य पर आभार जताया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदनमोहन मालवीय इंफटर कालेज करछना के प्रधानाचार्य मदनमोहन शंखधर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रमकी शुरूआत की, इस मौके पर विशिष्ट अतिथि संजीव तिवारी प्रधानाचार्य, एपी सिंह प्रबंधक इंटर कालेज सिटकहिया, अनिल केसरवानी, कमला शंकर, इंद्र जीत शर्मा, अभिषेक सिंह, आशीष शुक्ला, अनिल विश्वकर्मा प्रबंधक कमला स्मारक बलापुर, अभिषेक पटेल, शमशाद, बेटी पढाओ बेटी बचाओ अभियान में अपने विचार व्यक्त किये ।कार्यक्रम में आईसा को बेटी बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के तहत पाठ्य सामग्री वितरण किया गया, शबाना बानों, अफशाना, को मुख्य अतिथि मदनमोहन शंखधर के कर कमलों द्वारा लैपटॉप वितरण किया, और मंजू देवी, सुनीता देवी, एवं शससुन निशा को पांच किलो वाट के शोलर लाइट से सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर गांव के सैकड़ों लोगों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने शिरकत की ।

## जसरा में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग/ सहायक उपकरण वितरण



**जसरा।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में दिव्यांग जनों को दिया गया। ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन के साथ एमआर किट इस मौके पर दिव्यांग जनों के साथ क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ लगी रही। सोमवार को जसरा विकास खंड कार्यालय पर दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह उपस्थित रहे। सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडे ने बताया कि दिव्यांग जनों के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रहा है। आज प्राथमिकता के तौर पर गांव गांव के दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग के साथ उपकरण का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह ने दिव्यांग जनों को कहा कि यह समाज के वह अंग हैं जो किसी न किसी कमी के चलते आज दिव्यांग हो गए हैं। हम सबका कर्तव्य होता है कि समाज के ऐसे लोगों के लिए सेवा भावना बनाए रखें। इस मौके पर जिला विकलांग केंद्र के अधिकारी नंदकिशोर यादित ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मोहन यादव, एडीओ पंचायत श्याम लाल तिवारी,एडीओसी राकेश सिंह, अनिल मिश्रा जितेंद्र गौड़ मनोज प्रजापति ,राजीव मिश्रा,राजा भैया, अमरजीत यादव, डीओपीआईडीई दिब्यांशी सिंह का सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## करछना तहसील का जनरेटर खराब काम प्रभावित

**करछना।** तहसील करछना का जनरेटर 4 दिन पहले जल जाने के कारण काम काज प्रभावित हो रहा है सबसे ज्यादा दिक्कत खतौनी की है क्योकि बिजली न रहने पर खतौनी नह निकल पा रही है इसके साथ ही आरके दफ्तर सप्लाई एवं परवाना फीडिग का कार्य भी प्रभावित हो रहा है जिससे लोगो को काफी परेशानी हो रही है ।तहसील कर्मियो ने बताया कि 4 दिन पहले जनरेटर बन्द था कि अचानक जनरेटर से आग से आग की लपटे उठने लगी जबतक आग को काबू बुझाया जाता तबतक जनरेटर जलकर राख हो चुका था ।तहसील प्रशासन की ओर से नये जनरेटर के लिए कागजी कार्यवाही की जा रही है लेकिन जबतक जनरेटर नही लग जाता तब तक लोगो को भारी असुविधा उठानी पड रही है।

## महिला सशक्तिकरण एवं नशामुक्त समाज पर हुई परिचर्चा, महिलाएं को किया गया सम्मानित

**जसरा।** करछना के चनैनी प्राथमिक विद्यालय मे रविवार को महिला सशक्तिकरण एवम नशामुक्त समाज की स्थापना हेतु परिचर्चा का आयोजन किया गया। जल संरक्षण, बेटी बचाओं एवम बेटी पढ़ाओं पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मदन मोहन शंखधर एवम ए. पी. सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत किया गया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि श्री सेठ राम अभिलाष इंटर कालेज के प्रबंधक ए.पी. सिंह ने विभिन्न रुचिकर तरीके से जल की उपयोगिता एवम उसको बचाने के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डालते हुए सभी को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किये। इसी प्रकार मदन मोहन इंटर कालेज, करछना के प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर ने मतदाता जागरूकता एवम मतदाता सूची मे नाम दर्ज कराने की जानकारी प्रदान किये। विशिष्ट अतिथि प्रबंधक कमला स्मारक इंटर कालेज अनिल विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य संजीव तिवारी, एस. आर. सिंह., शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल आदि लोगों ने भी विभिन्न सामजिक विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक एवम उक्त कुरुतियों को उखाड़ फेकने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। इस अवसर पर आइसा, रोहिणी, रुक्सार समेत ग्यारह बेटियों को कापी,पेन एवम सौ से अधिक महिलाओं खाद्य सामग्री एवम साबुन, पौधे भेटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक धीतेश तिवारी प्रधान संघ महामंत्री करछना ने आये हुए अतिथियों को अंगवस्त्रम एवम पौधे भेटकर सम्मानित भी किये। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आशीष शुक्ला एवम अध्यक्षता इंद्रजीत वर्मा ने किया।

## श्रीकृष्ण जन्म लीला का बखान सुन गदगद हुए भक्त श्रोता

अखंड भारत संदेस





मंच पर कथा सुनाते आचार्य

**करछना।** क्षेत्र के धरवारा गांव में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य गोपालकृष्ण जी महाराज ने श्री कृष्ण जन्म लीला की मनोरम झांकी प्रस्तुत करते हुए कृष्ण महिमा का गुणगान किया ।यशोदा हरि पालने झुलावें और ठुमकि चलै कृष्णचन्द्र बाजै पैजनिया जैसे भजनों के माध्यम से श्रीकृष्ण की लीला का गुणगान करते कथा व्यास ने अपनी संगीतमय कथा के दौरान मौजूद सभी लोगों को भाव विभोर कर दिया ।हरि अनंत हरि कथा अनंन्ता का मर्म समझाते हुए उन्होने कहा कि कन्हैया की बाल लीला का श्रवण व दर्शन करने से माताओ में ममत्व और सभी जनों में प्रेम रस का प्रादुर्भाव होता है ।इसके पूर्व कथा व्यास ने प्रहलाद चरित्र,गजेन्द्र मोक्ष,वामनवतार और रामावतार की कथा का मार्मिक व्याख्यान करते हुए श्राताओं को आह्लादित किया। श्रवण कर्ता मुख्य यजमान ज्ञानमति सिंह एवं संत बहादुर सिंह ने भागवत भगवान और कथा आचार्य का माल्यार्पण किया। समापन पर आरती और प्रसाद वितरण किया गया। आयोजक जीएस एकेड़मी के अध्यक्ष रावेन्द्र प्रताप सिंह और प्रबंधक विनय कुमार सिंह बिन्नू ने सभी भक्त श्रोतागणों के प्रति आभार जताया ।इस मौके पर इस मौके पर कृष्ण कमल सिंह,आनंद सिंह, दिनेश सिंह, बीरू सिंह, प्रशांत सिंह, नरेन्द्र कुमार, रेवती सिंह, राजू तिवारी, अच्छेलाल सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सिंह समेत बडी संख्या में महिलाएं और श्रोतागण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पांच दिवसीय स्काउट गाइड गाइड प्रशिक्षण संपन्न

**जसरा।** पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण के प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान व तृतीय सोपान के अन्तिम दिन प्रशिक्षण लेने के लिए दर्जन भर स्कूलों के बच्चों ने श्री लाल चन्द्र इंटर कालेज जसरा में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया। विशिष्ट अतिथि रतन केसरवानी ने कहा कि स्काउट गाइड में प्रशिक्षण लेने वाले बच्चे इसी तरह से अनवरत अपने गुरुओं से प्रेरणा लेकर आगे बढधते रहें। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा० प्रेम प्रकाश सिंह सभी बच्चों को आगे बढ़ने का आशीर्वचन दिया। साथ ही प्रशिक्षण में आये हुए यमुनापार प्रभारी एवं शिविर संचालक डा०शिवकरन कोटार्य के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में एएसओसी कमलेश द्विवेदी, राजाबाबू पाठक,प्रधान आशीष कुमार सोनकर,डा०चक्र धर द्विवेदी, विश्वनाथ प्रताप सिंह, मुनेश बाबू,राजेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार, बब्बन सिंह,गाइड कैप्टन संगीता जायसवाल सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 27 हजार शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर चयन बोर्ड पर प्रतियोगी छात्रों का प्रदर्शन


चयन बोर्ड पर धरना प्रदर्शन करते प्रतियोगी छात्र

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के खाली चल रहे 27 हजार पदों पर भर्ती की मांग को लेकर सोमवार को प्रतियोगी मोर्चा के नेतृत्व में अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि नए विज्ञापन को लेकर शीघ्र अधियाचन मांगा जाए, जीव विज्ञान-2016 लिखित परीक्षा का परिणाम शीघ्र घोषित किया जाए और साक्षात्कार में चार गुना अभ्यर्थियों को बुलाया जाए, प्रधानाचार्यों की भर्ती लिखित परीक्षा व साक्षात्कार से करने समेत अन्य मांगो को लेकर ज्ञापन दिया। प्रतियोगी मोर्चा के अध्यक्ष विक्की खान के नेतृत्व छात्रों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के उपसचिव नवल किशोर से मिला और उन्हें मांगो का ज्ञापन सौंपा। विक्की खान ने कहा कि अगर चयन बोर्ड मांगों निस्तारण नहीं किया तो प्रतियोगी छात्र चयन बोर्ड पर धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे । प्रदर्शन करने वालों में राजेश सिंह, सुग्गन सरोज, वंदना शुक्ला, मीरा भारती, प्रमोद कुमार, देव नारायण सिंह, मनीष यादव, दिव्यांश त्रिपाठी, रवि उपाध्याय, आदि शामिल रहे।

### शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर पीएनपी पर गरजे प्रतियोगी

प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग को लेकर सोमवार को प्रतियोगी छात्रों ने सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की और तत्काल भर्ती का विज्ञापन निकालने की मांग की। प्रतियोगी छात्रों का कहना था कि सरकार को जब शिक्षक भर्ती नहीं निकालनी तो फिर डीएलएड प्रशिक्षण क्यों कराया जा रहा है। हर साल लाखों की संख्या में डीएलएड प्रशिक्षु निकल रहे है लेकिन भर्ती नहीं निकाली जा रही है। जबकि पीजीटी-टीजीटी के पदों पर हर वर्ष भर्ती की जा रही है। प्रतियोगी छात्र विनोद पटेल ने कहा कि अगर जल्द सकारात्मक परिणाम नहीं आए तो प्रशिक्षु लखनऊ में विधानसभा और लखनऊ का घेराव करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में रजत सिंह, दुर्लभ, रमाकांत, सुनील, शिवम आदि मौजूद रहे।

# पं बलराम तिवारी के निधन पर प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने शोक संवेदना व्यक्त की




अखंड भारत संदेश

**करछना।** तहसील अन्तर्गत रोकड़ी गाँव मे पं बलराम तिवारी के निधन पर उनके घर रोकडी गांव जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया ,उनके साथ में पूर्व ब्लाक प्रमुख करछना विजय राज सिंह राजू , पंडित बलराम तिवारी के निधन पर उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की साथ ही साथ ओपी सिंह पटेल सपा नेता प्रदीप मिश्रा लल्ला पीके पांडे विनायक पंडित अध्यक्ष मां सेवा संस्थान एवं शोकाकुल परिवार के पंडित जयराम तिवारी पूर्व प्रधानाध्यापक पंडित घनश्याम तिवारी पंडित आनंद राम तिवारी पंडित परशुराम तिवारी पंडित सर्वत्र राम तिवारी मनमोहन शुक्ला सनोज मिश्रा रामचंद्र मिश्रा( वीरपुर) बलवंत राम तिवारी निशांत तिवारी, आदि लोग मौजूद रहे।

# पांच खंड शिक्षा अधिकारियों की कमेटी करेगी जांच

### बीईओ को चप्पल से पीटने का मामला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ)सैदाबाद की चप्पल से पिटाई के मामले की जांच अब सदस्यीय कमेटी करेगी। बीएसए ने संतोष कुमार श्रीवास्तव खंड शिक्षा अधिकारी करछना, नरेंद्र सिंह खंड शिक्षा अधिकारी शंकरगढ़, शिव औतार खंड शिक्षा अधिकारी नगरक्षेत्र ममता सरकार खंड शिक्षा अधिकारी हंडिया और किरन यादव खंड शिक्षा अधिकारी जांच टीम में शामिल किया गया है। रविवार को स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं का बयान लिया गया है। इसके बाद कुछ और तथ्य सामने आए। इस पर बीएसए ने पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर एक सप्ताह में आख्या रिपोर्ट मांगी है।

सैदाबाद विकास खंड के संविलयन विद्यालय मलेथुआ में खंड शिक्षा अधिकारी बलिराम निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उनकी शिक्षिका कविता कुमारी से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर शिक्षिका ने खंड शिक्षा अधिकारी पर चप्पल से हमला कर दिया था। शिक्षिका ने भी खंड शिक्षा अधिकारी पर तमाम आरोप लगाए थे। इस मामले में आरोपित शिक्षिका को बीएसए ने निलंबित कर दिया था। साथ ही मामले की जांच बीईओ हंडिया ममता सरकार को सौंपी थी। बाद बीएसए ने इस मामले में तीन सदस्यीय कमेटी जांच के लिए गठित की थी। लेकिन रविवार को विद्यालय के अन्य शिक्षक और शिक्षिकाओं का बयान लेने पर कुछ और तथ्य सामने आए। इस पर बीएसए ने पांच सदस्यीय कमेटी गठित की है। उन्होंने मामले में विद्यालय में वर्ष 2020 अद्यतन अध्यापक उपस्थिति, लॉकबुक के आधार अवकाश, अवकाश स्वीकृति आदेश, सीसीएल अवकाश, चिकित्सा अवकाश के पश्चात फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर कार्यभार ग्रहण तथा विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता समेत अन्य बिंदुओं पर जांच कर संयुक्त आख्या रिपोर्ट मांगी है। साथ ही इस मामले में समस्त स्टॉफ, विद्यार्थी, विद्यालय प्रबंध समिति, ग्राम प्रधान और अभिभावकों, रसोइयों आदि से भी प्रकरण में जानकारी करना है।


साइकिल लाभार्थी बच्चों को हरी झंडी देकर रवाना करते मुख्य अतिथि गण।

# श्रमिक बच्चों को मिला साइकिल, हुए खुश

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** कर्मकार गरीब श्रमिक बच्चों को साइकिल मिला बच्चे अति प्रसन्न हुए। छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में सोमवार को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के कक्षा 9, 10 ,11 एवं 12 उत्तीर्ण पुत्र - पुत्रियो को 2700 साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों की तरक्की व विकास के लिए कृत संकल्प है। विशेष तौर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की शैक्षिक एवं सामाजिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने कहा शिक्षित बालिकाएं समाज सुधार की मूल आधार है। जिनके लिए सरकार से लेकर जनप्रतिनिधि पूरी तरह तत्पर है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, एवं मुख्य विकास अधिकारी सीपू गिरी, सहायक श्रम आयुक्त प्रयागराज गौतम गिरी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विभिन्न ब्लॉकों से आए हुए 2700 श्रमिकों के पुत्र पुत्रियों को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल पाकर सभी के चेहरे पर मुस्कान फैल गई। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू ,मधु त्रिपाठी सहित भारी संख्या में लाभार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# मनकामेश्वर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने दिया अपने पद से इस्तीफा

### भाजपा कार्य कताओं की ही नहीं सुनी जा रही समस्याएं, आम जन बेहाल



अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** जनपद के यमुनापार क्षेत्र का मनकामेश्वर मंडल उपेक्षा का शिकार हो चुका है, जिसका खामियाजा आगामी विधानसभा चुनाव मे भाजपा को भुगतना पड़ सकता है। यमुनापार के मनकामेश्वर मंडल से महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कामना मिश्रा ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी से अपना इस्तीफा देकर कहा कि जो पार्टी अपने कार्यकताओं की समस्या को नहीं सुलझा पा रही है वह आम जनमानस की समस्याओं का क्या समाधान करेगी यह सोचनीय है। कामना मिश्रा ने कहा कि मनकामेश्वर मण्डल अंतर्गत ग्राम बसहरा से पुरवा को जोड़ने वाली सड़क बेहद खराब है जिसके चलते कई लोगों की जान भी जा चुकी है, शाशन को कई बार अनुरोध किया गया किन्तु आज तक कोई कार्य नहीं हुआ। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि मेरे पिता स्व. राममूर्ति द्विवेदी जसरा के पूर्व मंडल अध्यक्ष थे, उन्होंने भी इस मुद्दे को शाशन तक पहुँचाया लेकिन उस समय भी असफलता ही हाथ लगी थी। मै और मेरे पिता जी की भाजपा के लिए आजीवन समर्पण रहा है और रहेगा लेकिन जो पार्टी लोगों की समस्याओं का समाधान न कर सके उसमे रहना ही बेकार है, इसका खामियाजा भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव 2022 मे भुगतना पड़ सकता है। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी जब अपने कार्यकताओं की ही समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रही है तो आमजनमानस की कितनी सुनी जाती होगी यह सोचनीय है, उक्त समस्या को ग्रामीणों मे भारी आक्रोश है। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को जब मत की आवश्यकता आन पड़ती है तब जाकर ग्रामीणों की याद आती है, चुनाव मे विजयी होने के बाद आप कौन हैं कहाँ से हैं वह यह भी पहचानने से साफ इनकार कर देते हैं।इसी क्रम मे मनकामेश्वर मंडल के लालापुर क्षेत्र मे पानी की भीषण समस्या विगत कई वर्षों से चली आ रही है जिसका आज तक निदान नहीं हो सका है। भाजपा के कार्यों से क्षेत्र के लोग व उनके कार्यकर्ता काफी आक्रोशित हैं, जिसके चलते एक एक करके भाजपा कार्यकर्ता पार्टी से त्यागपत्र देकर पार्टी छोड़ रहे हैं। पार्टी द्वारा आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। जब भी चुनाव आता है, भाजपा के पदाधिकारी केवल विकास की बड़ी बड़ी बातें करते हुए वोट मांगने के लिए आ जाते हैं। इसका खामियाजा आगामी विधानसभा चुनाव मे भाजपा को भुगतना पड़ सकता है।

# श्रमिकों का शोषण बर्दाश्त नहीं : मंजू पाठक

### पंजीकृत श्रमिक मजदूरी प्रमाण के लिए परेशान, श्रम प्रवर्तन में वर्चस्व को लेकर छिड़ी हैं जंग, योजना के लाभ से किए जा रहे वंचित,सुविधा सुल्क न दिए जाने पर कर दे रहे अपात्र

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** श्रम विभाग प्रयागराज में इन दिनों कुछ पुराने फेसिसलेटर को छोड़ कुछ श्रम इंस्पेक्टरों ने गांव गांव घर घर अपने दलाल नियुक्त कर दिए हैं। जिससे वर्चस्व को ले कर नए नए कार्यकर्ता दलाल एक दूसरे के विरोध में तरह तरह की शिकवा शिकायतें कर के अपने चहेते दलालों को सेटिंग सिस्टम के तहत न आने पर योजना के आवेदनों को श्रमिक न होने का रिपोर्ट लगा लगा कर तथा मनमाने ढंग से फेंक डाकुमेंट दर्शा कर निरस्त कर रहे हैं। बल्कि अपात्रों को सुविधा शुल्क ले ले कर अपने चहेते दलालों के आवेदन फार्म स्वीकृत कर रहे हैं ऐसा आरोप है।

उक्त संबंध में राष्ट्रीय महिला अधिकार संगठन की अध्यक्ष तथा श्रम विभाग में सदस्य श्रीमती मंजू पाठक ने कहा कि कि निर्माण श्रमिक महिला पुरुष युवा वृद्ध चालीस कटेग्री के हैं। कुछ तो मनरेगा श्रमिक हैं,और कुछ तो विभिन्न निर्माण कार्य स्थलों पर एक एक दो दो दिन या सप्ताह भर तक मजदूरी करके अपनी जीविका चलाते हैं। जिसका कोई कार्य प्रमाण पत्र नहीं होता। न ही कोई लिखित देता है। जब कि वास्तविक श्रमिक होते हैं।दरअसल श्रम विभाग ने उक्त समस्याओं को देखते हुए श्रमिक पंजीकरण के लिए श्रमिकों के हितार्थ स्व घोषणा पत्र पर ही श्रमिक पंजीयन कर पहचान पत्र निर्गत कर रहा है। और नवीनी करण भी। किंतु जब पुत्री विवाह अनुदान योजना अथवा मातृत्व शिशु हित लाभ आदि योजनाओं के लिए श्रमिकों द्वारा आवेदन किया जाता है तो पुनः कार्य या मजदूरी करने का प्रमाण पत्र मांगा जाता है, न दिए जाने पर योजना के आवेदन निरस्त कर दिए जा रहे हैं,जो गरीब श्रमिकों का शोषण हैं। प्रश्न ये है कि श्रमिक कार्ड बनवाने के लिए स्व घोषणा पत्र ही कार्य का प्रमाण पत्र पर्याप्त, तो योजना के लाभ हेतु क्यों दूसरा मानक मान कर लाभ से अपात्र दिखा कर वंचित किया जा रहा। श्रम विभाग में दो दो साल से श्रमिकों द्वारा प्रस्तुत योजनाओं के फार्म अभी तक जांच नहीं कर पाए। लाभ तो दिया जाना दूर की बात। उप श्रमायुक्त प्रयागराज मंडल ने खास तौर से कोरांव विधान सभा में श्रमिक दलित बहुल्य इलाके में बहुतायत में योजनाओं के आवेदन फार्म लॉक डाउन से पूर्व एवं अब तक ऑनलाइन होने के कारण तथा भरी संख्या में श्रम कार्यालय में जमा किए जाने के वजह पेंडिंग पड़ा रहा। इसी बीच ट्रांसफर सीजन आ गया। पेंडिंसी निपटाने के लिए आयुक्त ने चार चार श्रम इंस्पेक्टर को लगा दिया। चर्चा है कि पूर्व में कोरांव में तैनात रहे एक श्रम इंस्पेक्टर ने अपने चहेतों के आवेदन आंख मूंद कर स्वीकृत किए और चहेतों के विपक्षियों को अथवा अपने सिस्टम में न फंसने वालों को सबक सिखाने के लिए आवेदन फार्मों को ज्यादातर श्रमिक नहीं,फेंक आइडी,आदि कारण दर्शा कर निरस्त कर दे रहा,जिससे गरीब श्रमिकों का शोषण हो रहा।साथ ही जांच के समय श्रमिकों से किसी पेपर्स की कमी आदि की सूचना न दे कर सीधे निरस्त कर दिया गया जो घोर अन्याय है। इस विभाग में श्रम अधिकारी ऐसे भी हैं जो अपने अधिकारियों को ही ब्लैक मेल कर रहे हैं। अपना लोहा मनवाने के लिए अपने स्वार्थी चहेते दला लो से आर टी आई 2005 के तहत सूचनाएं मंगवाते है। और कुछ के खिलाफ शिकायतें करवाई हैं। श्रम इंस्पेक्टर लोग इस समय लोकल राजनीति करने लगे हैं। और आवेदन डलवाने वालों को जांच दौरान अपशब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है।



,,यदि श्रम विभाग के पंजीकरण कार्ड बनाने में मजदूरी कार्य का प्रमाण पत्र नहीं होने की दशा में कार्य करने का स्व घोषणा पत्र से ही श्रमिक पहचान पत्र बन सकता है तो योजनाओं के आवेदन करते समय मजदूरी करने का प्रमाण पत्र मागा जाना कोई मायने नहीं रखना चाहिए। मैं समझती हूं कि हर श्रमिक मनरेगा जॉब कार्ड धारक नहीं होता,और न ही अलग अलग स्थानों पर,छुट्टा मजदूरी करने वाले श्रमिक कोई प्रमाण पत्र किसी से प्राप्त कर पाएंगे। गरीब श्रमिक के आवेदन खास तौर से दलित आदि के श्रमिक परिवार ही हैं। उनके आवेदन योजनाओं के निरस्त नहीं होने चाहिए। यदि श्रम अधिकारी ऐसा करते हैं तो वो गरीब श्रमिक विरोधी हैं। और सर्व प्रथम तब उनके बिना प्रमाण के कार्ड ही क्यों बनाए जा रहे। जांच कार्यवाही कराई जाएगी। और हाईकोर्ट में पी आई एल दाखिल करूंगी,,

**श्रीमती मंजू पाठक**
**अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला अधिकार संगठन/सदस्य श्रम विभाग**

# भाजपा कार्यशाला की बैठक संपन्न



कार्यकताओं के साथ बैठक मैं उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता।

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए सोमवार को सुखदेव सिंह महाविद्यालय हसनपुर कसेरूआ कला में भारतीय जनता पार्टी की मंडल संहसों में मंडल कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी कुंवर मृगेंद्र सिंह ने उपस्थित होकर कहा विधान सभा चुनाव करीब है और हमें अपनी तैयारी सुनिश्चित करनी है। जिसके संबंध में बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं शक्ति केंद्र प्रभारी की जिम्मेदारी बहुत ही अनिवार्य हो जाती है। विधानसभा 2022 में किस प्रकार से पुनः अपने विधानसभा को जीतना है इसके लिए सदस्यता अभियान एवं मतदाता अभियान सक्रियता से चलाया जाए जिसमें सक्रिय रूप से भाग लेना है एवं आने वाले जो भी कार्यक्रम हैं उसके विषय में विस्तार से चर्चा किया गया। मौके पर उपस्थित फूलपुर ब्लॉक प्रमुख विपेन्द्र सिंह, सहसों ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह एवं भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने भी आए हुए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की रीति नीति के विषय में बताया और कहा कार्यकर्ता को एकजुट होकर अपनी अपनी का दायित्व को समझते हुए कार्य करना है। कार्यक्रम में विधानसभा विस्तारक विकास राय ने शक्ति केंद्र संयोजक मंडल पदाधिकारी एवं सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्षों से वित्त लिया आगे की रूपरेखा के विषय में चर्चा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री पवन कुमार शुक्ल ने किया । कार्यशाला कार्यक्रम में मुख्य रूप से लालचंद पटेल, राज धर द्विवेदी, संजय सिंह, डॉ राजेंद्र वर्मा, सत्यम हिंदू , सुभाष शुक्ला, पुष्कर सिंह पटेल, सूर्यमणि पांडे, नरेंद्र कुशवाहा, संतोष सिंह, महेश सिंह, रंजना सिंह परिहार, सीमा गौतम, दया सिंह, राजेश कुमार सरोज, मुकेश दुबे, नसीम अहमद, अनिल जयसवाल, सूरज शुक्ला, विजय बहादुर पाल, लव कुश बिंद, दीनानाथ पटेल, वीरेंद्र शुक्ला, त्रिभुवन सिंह, राहुल सिंह, राकेश विश्वकर्मा , जय सिंह, शिव शंकर दुबे, सतीश सोनी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# योगीराज में आवास व शौचालय से वंचित है दलित महिला

### बीडीओ साहब कब होगी मुझ दलित पर आपकी कृपा, आजादी के एक दशक बाद भी झौपड़ी में रहने को विवश है सरोजा देवी, सबका साथ और सबका विकास के नारा पर फिर रहा है पानी, नवागन्तुक बीडीओ से जगी है दलित की उम्मीदें

राम मिलन महराज

**डोहरिया।** बीडीओ साहब सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित दलित परिवार पर आखिरकार कब होगी आपकी कृपा आजादी के एक दशक बाद भी खपरैल युक्त कच्चे ,खण्डहर मकान में जीवन निर्वाह करने को मजबूर सरोजा देवी योगी सरकार में भी आवास एवं शौचालय के लिए ब्लाक का चक्कर काट रही है किन्तु उसका कोई सुनने वाला नहीं है। ऐसे में सबका साथ और सबाका विकास का नारा देने वाली बीजेपी सरकार के जिम्मेदार लोग ही सरकार की मंशा पर पानी फेरते नजर आ रहे है। मामाला उरूवा ब्लाक के ग्राम पंचायत डोहरिया गॉव का है।

उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद सम्पूर्ण भारत में रहने वाले दलितों एवं दबे-कुचले निरीह गरीबों की बदहाल व्यवस्था में काफी बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। लोगों की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होने के साथ-साथ उन्हें सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत आवास व शौचालय भी प्रमुखता से मुहैया हुआ है लेकिन विकास खण्ड उरूवा के डोहरिया गॉव में अपने पति व चार लड़के तथा तीन लड़कियो के साथ बनी मजदूरी कर झोपड़ी नुमा कच्चे खपरैल युक्त खण्डहर मकान में रहने वाली सरोजा देवी का हाल उरूवा ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की बदौत काफी बुरा है। देखा जाय तो स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा सभी ब्लाकों के जिम्मेदार अधिकारियों को प्रत्येक गॉवों में घर-घर शौचालय बनवाने के लिए कड़े निर्देश जारी किये गये है किन्तु प्रदेश सरकार के सारे आदेश-निर्देश आकर उरूवा ब्लाक की चारदीवारी मैं कैद होकर रह गये है। गौरतलब है कि पिछले कई पंचवर्षीय कार्यकाल से सरकारी आवास व शौचालय की आव में खण्डहर युक्त झोपड़ीनुमा कच्चे मकान में रहने वाली दलित महिला सरोज देवी उरूवा ब्लाक का च्चकर काटते हुए हार गयी लेकिन उसे सरकवारी आवास मिलना तो दूर की बात रही शौचालय भी नसीव नही हुआ जिसके कारण डोहरिया गॉव का यह दलित परिवार आज भी खुले मैं शौच करने को विवश है। इस सम्बन्ध में अखण्ड भारत प्रतिनिधि से वार्ता करते हुए सरोजा देवी ने कहा कि साहब मैं भूमिहीन हूॅ मेरे पास झोपड़ी युक्त कच्चा खण्डहर मकान के अलावा कुछ नहीं है। मकान भी बीते बरसात के दिनों मे गिर गया था पन्नी डालकर इस झौपड़ी में बच्चों के साथ जीवन गुजार रही हूॅ। ग्राम प्रधान से लेकर उरूवा ब्लाक जिम्मेदार लोगों से मैं अपनी फरियाद लगा चुकी हूॅ लेकिन किसी ने भी मेरी गरीबी एवं पात्रता को ध्यान नहीं दिया है। कुछ लोगों से सुना है कि उरूवा ब्लाक में नये ईमानदार बीडीओ अफसर आये है उन्हीं से मैं अपनी फरियाद कहूंगी शायद बीडीओ साहब मुझ गरीब की फरियाद सुन लें और मुझे शौचालय एवं पक्का घर रहने को दिलवा दें। हलांकि विगत कई वर्षो से सरकारी आवास एवं शौचालय के इंतजार में दर-दर भटक रही सरोजा देवी को नये खण्ड विकास अधिकारी उरूवा से काफी उम्मीदें जगी अवश्य है फिलहाल देखना यह है कि नये बीडीओ साहब एक दलित भूमिहीन महिला की फरियाद पर अपनी कृपा कर उसकी उम्मीदों पर खरा उतरते है या फिर पूर्व के अधिकारियों की भांति उसे दुत्कार कर भगा दिया जाता है।


खण्डहर में जीवन यापन करता उरुवा ब्लाक के ग्राम पंचायत डोहरिया गांव का दलित परिवार

# पंजीकृत मुकदमा वांछित वारन्टी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मेजा रोड।** पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी द्वारा अपराध अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के अंतर्गत पुलिसअधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित व सीओ मेजा के निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना मेजा अरुण कुमार चतुवेर्दी के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उपनिरिक्षक जितेंद्र कुमार राजपूत व हेड कांस्टेबल महताब आलम द्वारा थाना खीरी में पंजीकृत मुकदमा का वारन्टी अभियुक्त बब्लू उर्फ आशीष कुमार पुत्र मुन्नन केशरवानी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम कोहडार थाना मेजा जनपद प्रयागराज को गिरफ़्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही न्यायालय भेजा गया।

# प्रधान संघ का धरना प्रदर्शन

**मेजा रोड।** विकास खंड उरूवा परिसर मे प्रधान संघ उरूवा के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता मे धरना प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर राजेश द्विवेदी ने कहा कि ग्राम प्रधानों के हक की लड़ाई लड़ने के क्रम मे जारी संघर्ष की कड़ी मे सोमवार को धरना प्रदर्शन किया गया।उन्होंने कहा कि पंचायती राज मे निहित प्रधानों का हक जब तक नही मिल जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि गत 28 अक्टूबर को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान मे ग्राम प्रधानों ने अपनी बिभीन्न जायज मांगों को लेकर सरकार को क्रियान्वयन के लिऐ 15दिन का समय दिया था।जिसका समयावधि पूरा हो गया। पर आज तक संगठन किसी मांग पर अमल नही किया गया।जिससे एक दिन का कार्य बहिष्कार कर खंड विकास अधिकारी उरूवा ब्रह्मपाल सिंह को पुनःएक बार मांग पत्र सौंपा गया है।यदि हमारी मांगों को नजरअंदाज किया जाता है तो आगामी 25 नवम्बर से असहयोग आंदोलन चलाया जाऐगा।इस अलसर पर धर्मेंद्र मिश्रा,फतेह बहादुर, अनिल कुमार, नेहा देवी,शांति देवी,गुड़िया यादव,सोनकली,अंशु सिंह, दिनेश पांडेय, रमेश यादव सहित ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

### यातायात नियमो के प्रति किया गया जागरूक

**हंडिया।** यातायात माह के 15 वें कोतवाल हड़िया ज्ञानेश्वर मिश्रा द्वारा हेलमेट न लगाकर चलने वाले चालक व सीट बेल्ट न लगाकर चलने वालों तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वालों की विशेष रूप से हड़िया कस्बा जघंई तिराहे पर चेकिंग की गई तथा उनका चालान मोटर वाहन अधिनियम के तहत किया गया। बाइक चालक चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए यातायात नियमों के बारे में आम जन मानस को जागरूक किया गया। बिना वैध दस्तावेज और आज्ञप्ति के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 20 दो पहिया और चार पहिया का ई चालान किया गया।

# कांग्रेस के आह्वान पर महंगाई यात्रा 14 से 24 नवंबर तक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 14 नवंबर से 24 नवंबर 2021 तक प्रदेश के सभी विधानसभाओं में निकाली जा रही महंगाई के खिलाफ प्रतिज्ञा पद यात्रा के दूसरे दिन आज सोमवार को छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश श्री राजेश तिवारी जी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रभारी प्रतापगढ़ श्री मुकुंद तिवारी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री जयकरन वर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह-प्रभारी प्रतापगढ़ श्री रणजीत सिंह सलूजा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ.लाल जी त्रिपाठी शामिल हुए।

इसी प्रकार सोमवार को 248 प्रतापगढ़ सदर विधानसभा क्षेत्र के मंगरौरा विकासखंड के मलाक न्याय पंचायत के कांधरपुर ग्रामसभा के कांधरपुर बाजार में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में महंगाई के खिलाफ पदयात्रा शुरू की गई, जिसमें मलाक, चंद्रभान पुर, सराय शंकर, चीगुड़ा, गंगापुर होते हुए कंधरपुर बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया ' नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री राष्ट्रीय सचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश राजेश तिवारी जी ने कहा महासचिव प्रियंका गांधी जी ने जो प्रतिज्ञाएं की हैं उन सभी को पूरा करने का संकल्प लेकर हम सभी कांग्रेस जन पूरे उत्तर प्रदेश में महंगाई हटाओ प्रतिज्ञा पदयात्रा का आयोजन कर रहे हैं जिसमें प्रियंका गांधी जी ने प्रतिज्ञा किया है कि 40 % टिकट महिलाओं को दिया जाएगा ' इंटर में पढ़ रही छात्राओ को मोबाइल फोन एवं बीए में पढ़ रही छात्रा को इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी दी जाएगी। 20 लाख नौजवानों को सरकारी रोजगार दिया जाएगा , उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई तो बिजली का बिल सभी का हाफ किया जाएगा कोरोना काल में आए बिजली के बिल को माफ किया जाएगा और करोना काल के में परेशान परिवारों को 25-25 हजार रु. दिया जाएगा।


प्रतापगढ में महांगाई यात्रा को लेकर रैली निकलती कांग्रेस के पदाधिकारिगण व कार्यार्कर्ता।

गेहूं और धान की खरीद में किसानों को 25 सौ रु. रुपए प्रति कुंटल दिए जाएंगे। किसान भाइयों का पूरा कर्जा माफ किया जाएगा। आंगनवाड़ी एवं आशा बहुओं को प्रतिमाह मानदेय 10,000 दिया जायेगा।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी प्रतापगढ़ मुकुंद तिवारी एवं प्रदेश सचिव रंजीत सिंह सलूजा ने संयुक्त रुप से कहा कि उत्तर प्रदेश में जन समस्याओं को लेकर प्रियंका गांधी जी संघर्ष कर रही हैं योगी सरकार द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया जाता है फिर भी वह हार मानने वाली नहीं है वो इंदिरा गांधी की पोती है और राजीव गांधी की पुत्री ' जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. लाल जी त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार दो करोड़ रोजगार देने का वादा करके जिन को रोजगार मिला था उनसे भी छीनने का काम किया है जनता अब समझ चुकी है जागरूक हो गई है आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में इसका जवाब जनता देगी और प्रियंका गांधी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी ' कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है महंगाई आसमान छू रही है पेट्रोल डीजल, गैस, सरसों का तेल सहित खाद्य सामग्री में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिससे आम जनमानस परेशान हैं इस बार जनता मन बना चुकी है कि भाजपा की सरकार को हटाना है और कांग्रेस की सरकार को लाना है ' साथ में जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रभारी प्रतापगढ़ सदर विधानसभा आशुतोष तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री महेंद्र सिंह, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंगरौरा के अध्यक्ष अनिल पटेल, मलाकले पंचायत के अध्यक्ष विकास वर्मा, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विक्रम पटेल, औरंगाबाद के न्याय पंचायत अध्यक्ष अनवर हुसैन, सराय शंकर ग्रामसभा अध्यक्ष अनुराग सरोज, सराय शंकर भूत अध्यक्ष स्नेह सरोज, मलाक बूथ अध्यक्ष गोविंद कुमार, औरंगाबाद न्याय पंचायत सचिव ललितेश गौतम, पूरबपट्टी ग्रामसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, विकास शुक्ला मोनू मिश्रा विशाल शुक्ला डब्बू पांडेय, अंकित सरोज, राजदेव मुन्ना वर्मा, शैलेश पांडे यूथ कांग्रेस के प्रतापगढ़ विधानसभा अध्यक्ष शुभम शुक्ला परदेसी विकास सिंह, रमेश पाल, बजरंगी गौतम जी,सुरेंद्र सिंह, मजहर हुसैन, राम बाबू वर्मा, सहित कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे

## देवोत्थानी एकादशी पर विधायक ने की गंगा आरती

**अखंड भारत संदेश**

प्रतापगढ़, कुंडा। नवाबगंज के सोनामऊ गंगा घाट पर प्रधान सुरेश यादव के संयोजन में देवोत्थानी एकादशी की शाम दीपदान गंगा आरती का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि बाबागंज विधायक, विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख बीएन सिंह ने गंगा पूजन कर आरती किया। ग्रामीणों ने गंगा की धारा में एक साथ सैकड़ो दीपक छोड़े तो गंगा की धारा के साथ बहते दूर तक दीपक सतरंगी नजारे दिखा रहे थे। देवोत्थानी एकादशी पर गंगा घाट पर मेला भी लगा जिसमें लोगों ने जमकर खरीदारी किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अनिल मौर्या, योगेन्द्र सिंह, अजय सिंह भदौरिया, सुरेश कुमार यादव, मनोज सिंह, मनोज त्रिपाठी, डा सत्पाल वर्मा, कमलेश यादव, बृजलाल यादव, जमुना पटेल, शरद श्रीवास्तव, संतोष यादव, रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## पखवारा बीता, नहीं शुरू हुई धान की खरीद

**अखंड भारत संदेश**

प्रतापगढ, संग्रामगढ़। सरकार ने एक नवम्बर से ही धान खरीदे जाने का निर्देश दिया है। पखवारा बीत गया अभी तक केन्द्र पर तौल की व्यवस्था ही नहीं हो पाई। किसान धान बेचने को क्रय केन्द्र का चक्कर लगा रहे हैं।संग्रामगढ़ एफसीआई केन्द्र को धान क्रय केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। इस केन्द्र पर 25000 कुन्तल धान खरीद करने की क्षमता है। सरकार के निदेर्शों के मुताबिक केन्द्र पर एक नवम्बर से ही धान खरीदा जाना था। 15 दिन बीतने के बाद अब तक केन्द्र पर धान तौलने व उसे रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। धान क्रय केन्द्र प्रभारी त्रिलोकीनाथ भारती का कहना है कि अभी तक किसान आ ही नही रहे थे। सोमवार को एक किसान पूछने आया था, उसे धान लाने को कहा गया है।

# खेल के माध्यम से बच्चे गणित व अन्य ज्ञान सरलता से सीखते हैं

### बीआरसी कार्यालय पर प्रारम्भ हुआ शिक्षक क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सदर विकास खंड में सोमवार को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत स्कूल रेडीनेस में कार्यक्रम के संचालन हेतु शिक्षक क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आज बीआरसी कार्यालय पर प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इससे विद्यालयों में नामांकन एवं बच्चों की विद्यालय में ठहराव की स्थिति और बेहतर होगी तथा खेल के माध्यम से बच्चे गणित व अन्य ज्ञान सरलता से सीख सकेंगे। शिक्षक संघ सदर के अध्यक्ष प्रभाकर प्रताप सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को विद्यालयों में बच्चों पर प्रयोग कर प्रशिक्षण की मंशा को यथार्थ करना है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अभियान को गीत



के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। मुख्य प्रशिक्षिका प्राची पांडे ने कहा प्राथमिक शिक्षा, शिक्षा व्यवस्था की नींव है। 3 से 6 वर्ष के बीच बच्चों के 90% मस्तिष्क का विकास हो चुका होता है इस दौरान बच्चों का विद्यालयों में दाखिला और सीखने के प्रति उनका रुझान भी बढ़ाना अति आवश्यक है जिसके लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। ताकि प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को सीखने के प्रति उन्हें प्रेरित कर सकें। कार्यक्रम का संचालन राजेश सिंह ने किया। इस दौरान अन्य प्रशिक्षक अनामिका पांडे, चंद्रेश शुक्ला, सुयश मिश्रा आदि ने प्रशिक्षार्थी शिक्षक-शिक्षिकाओं को तत्संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान रिजर्व प्रशिक्षक हीरालाल मौर्य, ज्ञान प्रकाश शर्मा, राम जी व्यास ने भी प्रशिक्षण में सहयोग किया।

# बेटियां समाज की मुख्य आधार : डॉ राकेश

### पीबीपीजी कॉलेज सिटी के संगोष्ठी में बताए गए महिला सुरक्षा एवं यातायात के नियम कानून

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कॉलेज में सोमवार को प्रयागराज परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक डॉ राकेश सिंह ने संगोष्ठी में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं महिला उत्पीड़न की घटनाओं को तीव्र गति से रोकने के लिए वीमेन पावर लाइन 1090 एवं मुख्यमंत्री द्वारा गठित एंटी रोमियो स्क्वायड का काम बहुत तेजी से चल रहा है। जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी बेटियां समाज की मुख्य आधार हैं। लड़कों से ज्यादा बेटियां सुरक्षा के प्रति चिंतित रहती हैं। डॉ सिंह मिशन शक्ति महिला सुरक्षा एवं यातायात माह के तत्वाधान में आर एस ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट पुलिस एवं एसीसीसीआई शाखा द्वारा आयोजित जन जागरूकता संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जान माल की सुरक्षा एवं आकस्मिक दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात पखवारा के तहत लोगों को हेलमेट पहनने, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन


पीबीपीजी कॉलेज में सुरक्षा सप्ताह में सहभागिता करते पुलिस महानिरीक्षक डॉ राकेश सिंह

बीमा आदि के नियमों को बताते हुए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने छात्रों को यातायात नियमों एवं महिला सुरक्षा के प्रति सख्त कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। .

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बृजभान सिंह ने कहा कि जीवन अमूल्य है, हर कीमत पर रक्षा होनी चाहिए। सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी है। संयोजक लवलेश ने संपूर्ण कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर यातायात प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह एवं यातायात आरक्षियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ भानु सिंह ने किया तथा संचालन निहारिका सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अपर पुलिस अधीक्षक डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अभय कुमार पांडे, सुश्री प्रियंका तिवारी, श्रीमती रश्मि सिंह, दिनेश कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, रमेश बहादुर मौर्य, दिनेश कुमार, विनोद कुमार , विनय कुमार सिंह, बालेंद्र भूषण सिंह, संदीप कुमार मौर्य, प्रमोद मौर्य, ओम प्रकाश द्विवेदी, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, राज कुमार चौधरी, मानसिंह, आकाश, कामता प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कार्तिक मास में एक तुलसी पत्र से भी भगवान नारायण होते हैं अति प्रसन्न : धमार्चार्य ओम प्रकाश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रबोधिनी एकादशी के पावन पर्व पर रामानुज आश्रम संत रामानुज मार्ग पर भगवान शालिग्राम का दूध दही घी मधु शक्कर एवं गंगाजल से अभिषेक किया गया। तुलसी के पत्रों के द्वारा विशेष पूजन अर्चन करने के पश्चात धमार्चार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने कहा कि कार्तिक मास में तुलसी का विशेष महत्व है। यदि एक तुलसी के दल या तुलसी पत्रों से भी कोई कार्तिक मास में भगवान शालिग्राम की सेवा करता है तो भगवान श्रीमन्नारायण अति प्रसन्न होते हैं। स्कंद पुराण के वैष्णव खंड के अनुसार भगवान श्री विष्णु एवं विष्णु तीर्थ के समान ही कार्तिक मास को श्रेष्ठ और दुर्लभ कहा गया है। कार्तिक मास धर्म अर्थ काम व मोक्ष को देने वाला रोग विनाशक सद्बुद्धि देने वाला लक्ष्मी का साधक तथा दुखों से मुक्ति प्रदान करने वाला माना गया है। कार्तिक स्नान व्रत करने वाले मनुष्य के शरीर में सारे तीर्थ निवास करते हैं और उसे देखकर यमदूत उसी प्रकार पलायन कर जाते हैं जैसे सिंह से पीड़ित होकर हाथी पलायन कर जाते हैं। जिन लोगों ने कार्तिक व्रत का सेवन नहीं किया है वह एकादशी से लेकर पूर्णिमा तक प्रातः काल उठकर सूर्योदय से पहले स्नान करके भगवान नारायण की आराधना करें। श्री वैष्णव लोग भगवान के मूल मंत्र का जप करें। ब्राह्मणों को दान दक्षिणा देकर संतुष्ट करें। यदि हम ज्यादा दान दक्षिणा नहीं दे सकते हैं तो कम से कम एक ब्राह्मण या एक ब्राह्मणी को


तुलसी के पौधो को पानी देते धमार्चार्य ओम प्रकाश पाण्डेय।

अवश्य प्रसाद पवाएं। इससे भगवान लक्ष्मी नारायण को अति प्रसन्नता होती है और महालक्ष्मी की कृपा भी उस पर बरसती है। इसी क्रम में संत निवास सेनानी ग्राम देवली परसन पांडे का पुरवा में धमार्चार्य द्वारा तुलसी के वृक्षों का रोपण किया गया। उक्त अवसर पर नारायणी रामानुज दासी डॉ अवंतिका पांडे प्रणव पांडे सुरजीत वर्मा राम सजीवन वर्मा लालाराम विपिन कुमार धीरेंद्र सिंह भीम सिंह शुभम सिंह अर्जुन वर्मा सहित अनेक भक्त गण उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से तय पाया गया कि दिनांक 17 नवंबर को भगवान श्रीमन्नारायण एवं माता तुलसी का विवाहोत्सव संत निवास पर धूमधाम से मनाया जाएगा।

## बीजेपी का सदस्य बनाने के लिए झोंकी ताकत

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाने के लिए किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष कुमार मिश्र ने पूरी ताकत लगा दी है। इसी के तहत सोमवार को तीन टीमें बनाकर श्री मिश्र ने सदस्यता अभियान की शुरूआत कर दी। इसी के अंतर्गत सुअंशा बाजार में दिनेश मिश्रा, अनिरुद्ध सिंह पप्पू, बृजेश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। बाजार में लोगों में काफी उत्साह रहा। इस बारे में भाजपा नेता संतोष कुमार मिश्र का कहना है कि भाजपा में सदस्य बनने वालों की होड़ लगी हुई है। प्रदेश के लोगों के दिल में भाजपा ने अपने काम के बल पर अपनी जगह बना ली है।



# पाठशाला के मेले में बच्चों ने जमकर मचाया धमाल

### समोसा, चाउमीन, क्रीम कुल्फी और छोले का लिया भरपूर मजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संविलियन पाठशाला जोगापुर के मेले में नन्हें मुन्नों ने जमकर धमाल मचाया। क्लास टू की दिशा दुबे के नृत्य पर स्कूल झूम उठा। बच्चों संग टीचर्स भी धमाल में शामिल थे। चाऊमीन, समोसा और क्रीम आइसक्रीम का मजा लिया। हाल में बैठकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। बच्चों की खुशी के लिए स्कूल में सोमवार को मेले का आयोजन किया गया। शुभारंभ इंचार्ज कौशिल्या देवी ने किया। मेले की बागडोर टीचर राजेश कुमार ने संभाली। अंश के चाउमीन और करण के समोसे को बच्चे चटखारे लेकर खा रहे थे। स्वाद की चर्चा सुनकर टीचर्स के मुंह में पानी आ गया। सभी ने स्टाल पर जाकर समोसे का आनंद उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रियांसि,

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हीं दिशा के नृत्य पर झूमा क्लास

शुभी दुबे, वैष्णवी, सिमरन प्रजापति, मानसी, प्रिंस और गुंजन के नृत्य ने तालियां बटोरी। दिशा का शका लका, बूम बूम गाने पर किया गया नृत्य बहुत ही बेहतरीन था। टीचरों ने बावन गज के गाने पर नृत्य किया। मेले की साज सज्जा साजिद, हिमांशू, नितेश प्रजापति और शुभम ने की थी।

# खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लालगंज। सांगीपुर के प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर के प्रांगण में सोमवार को आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूलों के छात्र- छात्राओं ने दमखम का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सांगीपुर ब्लॉक के करीब दर्जनभर स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। 100 और 200 मीटर की बालक एवं बालिका वर्ग दौड़ में पूर्व माध्यमिक विद्यालय आहर बीहर के अरुण एंव



रोहिणी ने ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः बिक्रम, शिवा, गुड़िया, प्राची, खुशी, रिया, कुमकुम आदि रहे। कबड्डी के बालक वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय आहर बीहर एवं बालिका वर्ग में सुजाखर की टीम विजयी रही। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक नेता सन्तोष तिवारी ने की। इस मौके पर अजय तिवारी, दीपक सिंह, अंकुर सिंह, सच्चिदानन्द दुबे, सतीश दुबे, शैलेन्द्र सिंह, राजू बघेल, धर्मेन्द्र सिंह,राहुल मिश्र, सम्पूर्णान्दन मिश्र, रमाशंकर मिश्र, धीरज सिंह, मनोज मौर्य, राजीव सिंह, हिमांशु मिश्र, श्रीकृष्ण पांडेय मौजूद रहे।

## बीडीसी सदस्यों को मानदेय के लिए सौंपा ज्ञापन

कुंडा प्रतापगढ़। बीडीसी सदस्यों के मानदेय और विकास निधि के लिए प्रधान स्वाभिमान संघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को संबोधित इस ज्ञापन में बीडीसी सदस्यों को मानदेय के साथ ही विकास कार्यों के लिए अलग से निधि दिए जाने की मांग की गई।

## आंखें अमूल्य हैं, इनकी सुरक्षा जरूरी : राजा भैया

प्रतापगढ, बाघराय। आंखें जीवन की अमूल्य धरोहर हैं। समय पर इनका परीक्षण और उपचार कराना आवश्यक है। यह बातें बाघराय सीएचसी में राजा भैया यूथ ब्रिगेड के दूसरे नेत्र शिविर का उद्घाटन करते हुए जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने कही। उन्होंने कहा कि यदि कभी किसी की आंखों में दिक्कत है इसकी जानकारी देने पर उसका इलाज कराया जाएगा। गरीब, पीड़ितों के इलाज में किसी भी तरह से धन की कमी आड़े नहीं आएगी। शिविर में 406 नेत्र रोगियों की आंखे जांची गई जिसमें 131 को आपरेशन के लिए चिंहित कर कुंडा के बजरंग डिग्री कालेज के शिविर में ले जाया

## खबर संक्षेप

### थाना प्रभारी को एंड्राइड फोन ई-प्रिंटर एवं ब्रीथ एनालाइजर का वितरण

**कौशाम्बी।** यातायात माह नंबर के तहत पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में पुलिस अधीक्षक एंव अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी यातायात की उपस्थिति एवं निर्देशन में एक यातायात कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, शाखा प्रभारी एवं उपनिरीक्षक गण को को ई-चालान एप्लीकेशन के कुशल संचालन एवं ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से ड्रिंक एंड ड्राइव टेस्टिंग का प्रशिक्षण दिया गया तदोपरान्त जनपद के समस्त थाना प्रभारीगण को एंड्राइड मोबाइल फोन ई-प्रिंटर एवं ब्रीथ एनालाइजर का वितरण किया गया।

### अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में चलाए जा रहे अवैध असलहों के विरुद्ध अभियान के तहत थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा एक नफर अभियुक्त इसराइल पुत्र मोइनुद्दीन निवासी बलिहावा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 1 अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# भाजपा सरकार से सवाल कहां दफनाएंगे मुर्दा !

## सिराथू तहसील क्षेत्र में सफेद पोश नेता के बल पर मरघट की जमीन में कब्जा, शिकायत के बाद लुका छुपी का खेल खेल रहे राजस्व निरीक्षक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** तालाब बंजर ऊसर नवीन परती खाद का गड्ढा खलिहान की जमीनों में कब्जा करने के बाद अब दबंगों के संरक्षण में मरघट की भूमि पर भी बेखौफ तरीके से कब्जे हो रहे हैं तहसील प्रशासन से शिकायत के बाद राजस्व निरीक्षक लुकाछुपी का खेल खेल रहे हैं अब सवाल उठता है कि मरघट की जमीन पर कब्जा हो जाएगा तो मुर्दे कहां दफन किए जाएंगे

सिराथू तहसील क्षेत्र के सौरई खुर्द ग्राम की गाटा संख्या 75 मरघट पर गांव के ही दबंगो ने एक सफेद पोश नेता के बल पर कब्जा कर मकान निर्माण शुरू करा दिया हैं जबकि ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम सिराथू से की जिस पर हल्का लेखपाल ने मौके पर जा कर निर्माण कर रहे लाल सिंह पुत्र हरिप्रसाद को निर्माण कार्य बंद करने को कहा लेकिन दबंगो ने लेखपाल की एक नही सुनी और लगातार निर्माण कर रहे हैं आखिर सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में कब तक राजस्व निरीक्षक लुकाछिपी का खेल खेलते रहेंगे ग्राम सभा की मरघट की जमीन के कब्जे से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक नेता हैं जो यह गन्दा कार्य करा रहा है। इस तरह के कब्जे से पूरे ग्रामीणों में दबंगों के खिलाफ अधिकारियों से तुरंत कार्यवाही कर मरघट की जमीन को तत्काल खाली कराने व दबंगों के खिलाफ कार्यवाही करने का अधिकरियों से गुहार लगाई है।



मरघट की जमीन पर हो रहे कब्जे का दृश्य

### गरीब की मिर्चा की खेती को दबंगो ने उखाड़ फेंका

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चौकी टेडी मोड़ शहजादपुर के शिवपुर मजरा अहिरारा निवासी गुरु प्रसाद मौर्य ने अपने खेत में मिर्चा की खेती बड़े मेहनत से तैयार की है। जिसको शिवपुर निवासी जगन्नाथ पटेल पुत्र स्वर्गीय छेदी लाल पटेल ने दबंगई,गुंडई के बल पर जबरन बिना कोई विवाद के उखाड़ फेंका।जब किसान गुरु प्रसाद उलाहना देने गया तो उल्टे भद्दी भद्दी गालियां देने लगा व कहा कि भाग जाओ वरना जान से मार दिए जाओगे।भुक्तभोगी किसान ने पुलिस चौकी टेढ़ी मोड़ में प्रार्थना पत्र दिया पुलिस मौके पर गई लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद कोई कार्यवाही नही हुई।दूसरे के खेत की मिर्ची की फसल उखाड़ कर नष्ट करने वाला उक्त व्यक्ति जगन्नाथ घूम घूम कर कह रहा है कि यदि मुझे पुलिस ने पकड़ा तो फिर पूरी फसल उखाड़ डालूंगा।जगन्नाथ गुंडा किस्म का व्यक्ति है।आये दिन गाँव मे किसी न किसी से मार पीट किया करता रहता है यदि पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की मदद नही की तो उक्त आरोपी व्यक्ति का हौसला और बुलुन्द होगा।अब पुलिस जगन्नाथ पर क्या कार्यवाही करती है यह तो भविष्य बताएगा।

## चायल विधायक ने कहा गलत लोगों के कार्यों का नहीं होगा उद्घाटन

**गणेश हॉस्पिटल तिल्हापुर में चिकित्सक दम्पत्ति की लापरवाही से आधा दर्जन लोगों की इलाज के दौरान मौत**

**चायल विधायक के नाम का गलत उपयोग कर चिकित्सक दंपति द्वारा गलत तरीके से अस्पताल संचालन की मंशा होती दिख रही है फेल**

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ में मौत के सौदागर चिकित्सक दंपत्ति ने यह प्रचार करना शुरू कर दिया कि चायल विधायक संजय गुप्ता के कर कमलों द्वारा उसके गणेश अस्पताल और अल्ट्रासाउंड सेंटर तिल्हापुर मोड़ का उद्घाटन 16 नवंबर को किया जाएगा गणेश अस्पताल के संचालक चिकित्सक दंपत्ति ने इस बात का प्रचार-प्रसार भी करना शुरू कर दिया फेसबुक में उसने विधायक के उद्घाटन से संबंधित पोस्ट भी डाल दी इस बारे में चायल विधायक संजय गुप्ता से बात की गई तो उनका कहना है कि गलत कार्य करने वाले लोगों के संस्थान का उद्घाटन नहीं करेंगे उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि गलत तरीके से गणेश अस्पताल तिल्हापुर का संचालन करने वाले चिकित्सक दंपत्ति के अस्पताल के अभिलेखों की जांच स्वास्थ्य अधिकारी करें पुलिस भी कानून के तहत अपना कार्य करें संजय गुप्ता विधायक ने बताया कि तिल्हापुर मोड़ स्थित गणेश हॉस्पिटल के संचालक ने उन्हें पूरी बातों से बिना अवगत कराए उद्घाटन कराए जाने की बात कही थी लेकिन जब गणेश अस्पताल के कृत्य की जानकारी उन्हें हुई तो उन्होंने अस्पताल उद्घाटन करने से इंकार कर दिया है विधायक चायल द्वारा गणेश अस्पताल का उद्घाटन करने से इनकार किए जाने के बाद अस्पताल संचालक के चेहरे मायूस हो गए हैं और वह स्वास्थ्य विभाग के कठोर कानूनी कार्यवाही और पुलिस के कानूनी कार्यवाही के शिकंजे में फस जाने की आशंका से परेशान है बताते चलें कि गणेश हॉस्पिटल तिल्हापुर में चिकित्सक दम्पत्ति की लापरवाही से आधा दर्जन लोगों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है जिस पर पिपरी थाने में चिकित्सक दंपत्ति के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज है इतना ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व में गणेश अस्पताल को सील किया जा चुका है लेकिन कथित चिकित्सक दंपत्ति ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए ताले को तोड़कर कथित चिकित्सक दंपत्ति ने अस्पताल का संचालन अवैध तरीके से फिर शुरू कर दिया है और चायल विधायक के नाम का गलत उपयोग कर गलत तरीके से अस्पताल संचालन की चिकित्सक दंपत्ति की मंशा फेल होती दिख रही है।

# महिलाओं पर रहती है पिपरी थाने के अखिलेश सिपाही की नजर

**पिपरी थाना में खाना बनाने वाले फॉलोअर ने अखिलेश सिपाही के कारनामों की पुलिस कप्तान से की शिकायत**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना में तैनात एक सिपाही के कारनामे से थाने में खाना बनाने वाले फलोंअर व और उसकी पत्नी परेशान है आधी रात को सिपाही फॉलोअर के कमरे का दरवाजा खुलवाता है कई बार फालोवर ने उसके इस कारनामे पर मना किया लेकिन सिपाही गाली गलौज अभद्रता करने लगता है और मारपीट लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाता है आधी रात को दरवाजा खुलवाने वाले सिपाही अखिलेश का साथ दो अन्य सिपाही भी देते हैं मामले को लेकर फालोवर पत्नी के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा है और थाने के सिपाही के साथ दो अन्य सिपाहियों के कारनामे को बताते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की है। पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर गांव निवासी अमित कुमार पिपरी थाना में फॉलोअर और चौकीदारी का काम करता है। मखऊपुर गांव निवासी पीड़ित अमित कुमार पत्नी के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कई दिनों से रात के अंधेरे में जब सभी लोग सो रहे होते हैं तो गुपचुप तरीके से पिपरी थाने का सिपाही अखिलेश बेवजह उसके घर जाकर दरवाजा खुलवाता है उक्त सिपाही कई बार ऐसा कारनामा कर चुका है उसकी नियत साफ नहीं है उसे मना किया जाता है तो वह झगड़ा करता है और दरवाजा ना खोलने पर गाली गलौज कर झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेज देने की धमकी देकर चला आता है। पिपरी थाने के दो अन्य सिपाही योगेश सिंह और विभूति शंकर त्यागी पर भी फॉलोअर दंपति ने उत्पीड़न का आरोप लगाया है पीड़ित के द्वारा विरोध करने पर उक्त दीवान कुछ दिन शांत रहा लेकिन जैसे ही चौकीदार खाना बनाने के लिए पिपरी थाने गया उक्त दीवान के कमरे में रखा सत्ताइस हजार रुपए चौकीदार के द्वारा चोरी कर लिए जाने का आरोप लगाकर अपने दो साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर पीड़ित चौकीदार से अपनी बात मनवाने में सिपाही लगे हुए हैं और बात ना मानने पर चोरी के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज देने की धमकी दे रहे हैं। पिपरी थाना में एकछत्र राज करने वाले सिपाहियों के कारनामे से पीड़ित चौकीदार पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायती पत्र देते हुए मदद की गुहार लगाई है।




पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर वापस लौटते फॉलोअर दंपत्ति

### इंटर कालेज मे बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया

**कौशाम्बी।** राजेन्द्र सिंह राम भजन सिंह इंटर कालेज अमीना गोराजू मे बाल दिवस का कार्यक्रम बडे धूमधाम के साथ मनाया गया`विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र सिंह ने पंडित जवाहर लाल नेहरु के प्रतिमा मे माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया` प्रधानाचार्य ने चाचा नेहरु के ब्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत जानकारी बच्चो को दी`उन्होने बताया कि चाचा नेहरु को बच्चे प्रिय थे`बच्चो के साथ खेलना और उनके बीच अधिक समय व्यतीत करना उन्हे प्रिय लगता है इन्ही तमाम विशेषताओ के कारण उनके जन्मदिवस चौदह नवम्बर को बाल दिवस के रुप मे मनाया जाता है` इस अवसर पर विद्यालय मे बाल मेला एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया` खेलकूद प्रतियोगिता के सौ मीटर दौड मे अनुज विश्वकर्मा को प्रथम स्थान मिला` दो सौ मीटर दौड मे राज बहादुर तथा चार सौ मीटर दौड मे संदीप पाल को प्रथम स्थान मिला` बाल मेला मे बच्चो ने खूब खरीदारी कर बाल दिवस का भरपूर आनंद लिया` इस अवसर पर डायरेक्टर सीता राम सेन ,महराज दीन ,नन्दलाल शर्मा ,पूजा देवी, रीना देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसानों को समय पर मिले जरूरत भर खाद : अजय सोनी

**मानपुर गौरा सोसायटी पहुंचकर अजय सोनी ने लिया खाद वितरण का स्थलीय जायजा**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** किसानों को समय पर उनकी जरूरत भर खाद मिलनी चाहिए ताकि किसानों की फसलों को पर्याप्त पोषक तत्व मिल सके, ऐसी मांग जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जिला प्रशासन से की है। अजय सोनी ने जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन की नाकामी के चलते किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही है जिससे किसानों का भारी नुकसान हो रहा है।

शनिवार को जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी जनपद की मानपुर गौरा सोसायटी पहुंचकर खाद वितरण का स्थलीय जायजा लिया। मौके पर किसानों की भारी भीड़ जमा देख अजय सोनी ने समिति के सचिव से नाराजी जाहिर की। इस दौरान कई किसानों ने अजय सोनी से बताया कि सुबह से ही हम लोग खाद लेने के लिए प्रयासरत हैं लेकिन शाम हो चुकी है और अभी तक हम लोगों को खाद नहीं मिली। इसपर अजय सोनी ने समिति के सचिव से काफी बहस की। समिति के सचिव ने अजय सोनी से बताया कि समिति में खाद सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है जिससे किसानों को समुचित मात्रा में खाद वितरण करने में दिक्कत हो रही है।

इस पर अजय सोनी ने जिला कोआपरेटिव के प्रमुख बिनोद सिंह से फोन पर वार्ता की और समितियों में जरुरत से कम मात्रा में खाद पहुंचाए जाने पर नाराजी जाहिर की। इतना ही नहीं बल्कि अजय सोनी ने तत्काल मानपुर गौरा सोसायटी में एक ट्रक अतिरिक्त खाद भेजने की मांग की। जिसपर ए आर कोआपरेटिव प्रमुख बिनोद सिंह ने कहा कि जल्द ही एक ट्रक अतिरिक्त खाद मानपुर गौरा सोसायटी भेज दी जाएगी। इसी के साथ अजय सोनी ने यह मांग किया कि सभी किसानों को समय पर समुचित मात्रा में खाद मिलनी चाहिए। इसके बाद अजय सोनी ने अपने सामने कई किसानों को खाद वितरण कराया और समिति के सचिव से कहा कि किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और सबको बगैर किसी परेशानी के पर्याप्त मात्रा में खाद मिलनी चाहिए। इस अवसर पर जीतेन्द्र सिंह, शिव सिंह पटेल, सुरजीत वर्मा, जय सिंह पटेल, मिथुन कुमार, शिव शंकर दुबे आदि मौजूद रहे।

# दबंगों ने गरीब की ट्राली में लगाई आग समझौते के नाम पर कराया हस्ताक्षर

**आधा दर्जन से अधिक दबंगों के विरुद्ध दर्ज है मुकदमे लेकिन पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सूबे में साढ़े चार साल पहले समाजवादी पार्टी की सरकार चले जाने के बाद भी समाजवादी के गुंडों पर भाजपा सरकार अंकुश नहीं लगा सकी है समाजवादी के गुंडों के आतंक से गांव के गरीब लोग परेशान हैं गांव गरीब के लोगों को मारपीट करने और खुलेआम गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले समाजवादी पार्टी के यह गुंडे सपा युवजन सभा के पदाधिकारी बताए जाते हैं चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव में सपा के इन दबंगों के आतंक से आम जनमानस त्रस्त है एक दर्जन लोग एकत्रित होकर गांव में आतंक कायम कर रखे हैं आधा दर्जन मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस सपा के इन दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं कर पाती है गांव के दर्जनों लोगों पर यह दबंग हमला कर चुके हैं लेकिन किसी मामले में भी मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है खुलेआम गाली गलौज कर लोगों को जान से मारने की धमकी देना इन दबंगों की आदत में शुमार है दबंगों की गाली गलौज जान से मारने की धमकी का वीडियो भी वायरल हो चुका है वीडियो को देखने के बाद लगता है कि समाजवादी पार्टी गुंडों की पार्टी है लेकिन फिर भी दबंगों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही नहीं की है आखिर इन दबंगों को किसका संरक्षण प्राप्त है यह बड़ी जांच का विषय है। चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव के दलित रामबाबू रैदास पुत्र रामजतन के जीविकोपार्जन के लिए घर के बाहर खड़ी ट्राली में दीपावली की रात समाजवादी पार्टी के दबंग गुंडों ने आग लगा दिया है तेज लपटों के साथ ट्राली जलकर खाक हो गई है सूचना पाकर मौके पर आधी रात को 112 नम्बर पुलिस और थाना पुलिस पहुंची है पुलिस ने ट्राली की आग बुझाई है मामले में चरवा पुलिस को तहरीर दी गई है लेकिन 10 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों पर मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है इसी बीच मौका मिलते ही आरोपी ने दलित राम बाबू को नई ट्राली खरीदने की बात कहकर समझौते पत्र पर हस्ताक्षर करा लिया है लेकिन अपने वादे से आग लगाने वाले दबंग मुकर गए हैं।

### नंबर के स्थान पर टाइटल अंकित कर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्यवाही

**कौशाम्बी।** यातायात माह नवंबर के तहत यातायात प्रवर्तन की कार्यवाही के क्रम में वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले, दोपहिया पर तीन सवारी तथा टैक्सी टेंपो एवं चार पहिया वाहनों पर ओवरलोडिंग सवारी करने वाले, बिना वैध डीएल प्राप्त किए वाहन चलाने वाले नंबर प्लेट न लगाकर चलने वाले या त्रुटिपूर्ण नंबर प्लेट का प्रयोग करने वाले तथा फ्रंट नंबर प्लेट पर वाहन नंबर के स्थान पर विभिन्न प्रकार के टाइटल अंकित कर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन पर 74 वाहनों के विरुद्ध ई चालान की कार्यवाही की गई तथा मौके पर 8 वाहनों से 4000 रुपए का सम्मन शुल्क वसूल गया प्रवर्तन की कार्यवाही के साथ ही वाहन चालकों को यातायात के नियमों से जागरूक किया गया तथा नियमों के उल्लंघन पर कठोर प्रावधानों एवं जुमार्ने से अवगत कर सुरक्षित यात्रा करने हेतु प्रेरित किया गया।

# धरना प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का कांग्रेसी नेताओं ने पुतला फूंकने का किया प्रयास

**पुतला दहन के दौरान पुलिस प्रशासन से एनएसयूआई कार्यकताओं की तीखी नोकझोंक एवं झड़प**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नई शिक्षा नीति शिक्षा एवं सरकारी उपक्रमों के निजीकरण, विभिन्न परीक्षाओं में हो रही धांधली एवं लेट जॉइनिंग, कोरोना के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं में उम्र सीमा में छूट न मिलने, फेलोशिप एवं स्कॉलरशिप में हो रही कटौती एवं बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ आज एनएसयूआई कांग्रेस कौशाम्बी के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी ₹आजाद₹ के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकताओं ने जिला पंचायत कार्यालय पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया एवं सरकार के छात्र विरोधी रवैए के खिलाफ आक्रोशित नारे लगाए। पुतला दहन के दौरान पुलिस प्रशासन से एनएसयूआई कार्यकताओं की तीखी नोकझोंक एवं झड़प हुई। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी ₹आजाद₹ ने केंद्र सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि ₹आज देश में शिक्षा के बदतर हालात हैं। नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा एवं शैक्षणिक संस्थानों का कॉरपोरेटीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है और बढ़ती बेरोजगारी से तंग आकर छात्र-छात्राएं आत्महत्या जैसा अपराध करने को विवश है। आज भर्तियां आकर परीक्षा संपन्न कराकर नियुक्तियां नहीं दी जा रही हैं और भर्तियों को निरस्त कर दिया जा रहा है। यह बेहद शर्मनाक है और केंद्र सरकार पूर्णतया छात्र विरोधी रवैया अख्तियार किए हुए है। एनएसयूआई इसके खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाकर विरोध प्रदर्शन करेगी। केंद्र सरकार के शिक्षा व रोजगार विरोधी रवैये से आहत आकर प्रतियोगी छात्र आत्महत्या को विवश हैं और नई शिक्षा नीति भी शिक्षा के सर्वसुगमता में बाधक है। ठरवक इसके खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करेगी।पुतला दहन के इस कार्यक्रम के दौरान. जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस अंकुर शुक्ला , सैफ मंसूरी, आसिफ रिजवी, मनजीत कैथवास, हेमंत कुमार रावत, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस पप्पू मिश्रा, आफताब.अफान, सचिन शुक्ला, फूलचंद पासी लगभग दर्जनों की संख्या में एशियाई कार्यकर्ता एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कांग्रेसी नेताओं से पुतला छीनती पुलिस

# जेल से छूटते ही फिर लूटपाट शुरू

**राहजनी के चक्कर में पेशेवर अपराधियों ने युवक को किया अधमरा**

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के के बरई बंधवा गांव जेल से छूटने के बाद एक व्यक्ति ने फिर ने फिर लूटपाट करना शुरू कर दिया है मामले की सूचना पीड़ित परिजनों ने पुलिस को दी है लेकिन आरोपी पर कार्यवाही नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक मोहम्मद अजान पुत्र रफी अहमद बरई बंधवा से महराजगंज निवास लेने के लिए जा रहा था पहले से घात लागए बैठे डीके पुत्र हुब्बा केशलाल का भाई पुत्र बावन हीरा का दामाद पुत्र अज्ञात जो बैसकाटी का रहने वाला है ये तीनो मोहम्मद अजान को मार पीट लर मोटरसाइकिल छीनने लगे मोटर साइकिल छीन ही रहे थे तो महराजगंज के कुछ लड़के रोज दौड़ लगाते है रोज की तरह कुछ दौड़ने वाले लड़को को आते देख कर तीनो अपराधी भाग निकले बता दे कि अपराधी डीके अभी महीने भर पहले जेल से जमानत पर बाहर आया है यह कुछ दिन पहले चरवा थाना से चोरी की वारदात में जेल गया था महीने भर पहले जेल से वापस आते ही गैंग बना कर उसने फिर अपराध शुरू कर दिया है।

# कांग्रेस प्रतिज्ञा यात्रा गांव-गांव में कांग्रेस की अलख जगाने का प्रयास : वेद प्रकाश

**विधानसभा सिराथू के दुवारा, पसीनहार, सेहिया, नौगीरा, देवखरपुर, बाजापुर, हाजीपुर पतौना में निकाली गई यात्रा**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** असली भारत गांव में बसता है जिसकी आत्मा किसानों के बीच रहती है। लेकिन मौजूदा सरकार किसानों, खेती पर चोट पहुंचाकर भारत की आत्मा को चोट पहुंचाने का काम किया है। इसे किसी भी दशा में भारतीय लोग माफ नहीं करेंगे। यही नहीं इस सरकार ने महिलाओं मजदूरों और दलितों के अधिकारों को भी छीना है। उक्त बातें कांग्रेस नेता वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी ने यात्रा के दौरान लोगों से संवाद करते हुए कही। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज पार्टी की महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी बहन प्रियंका गांधी के रास्ते पर चल कर गांव गांव संदेश पहुंचा रहे हैं जिसमें किसानों का पूरा कर्जा माफ, बिजली का बिल हाफ, संविदा कर्मियों और ठेका कर्मियों का नियमितीकरण कराए जाने की बात कही है। जिससे आम लोगों को राहत के साथ के साथ प्रदेश में महिलाओं को राजनीति में विधानसभा चुनाव के 40% हिस्सेदारी, हाई स्कूल पास छात्राओं को इस स्मार्टफोन और स्कूटी इसके साथ महिलाओं के लिए साल में तीन गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाने की बात महिलाओं को मजबूत करेगी। यही नहीं बहन प्रियंका गांधी ने वादा किया है कि नए सरकारी पदों में भी 40 परसेंट महिलाओं की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर आंगनबाड़ी और आशा बहुओं को 10000 रुपया प्रति महीना मानदेय दिए जाने की वादा किया गया है। जिसे पूरा करने का काम किया जाएगा। इस मौके पर गांव में किसानों ने बड़े हुए रासायनिक खाद्य मूल्य और बिजली बिल के प्रति अपना रोष भी प्रकट किया इस मौके पर प्रमुख रूप से आशीष कुमार मिश्रा पप्पू, अमित द्विवेदी आजाद, हेमंत रावत, मनजीत कैथवास, मनोज पटेल, सुमित मौर्या, रामनरेश सरोज, भैया लाल यादव, नत्थू रैदास, पूनम सिंह सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



कांग्रेस प्रतिज्ञा यात्रा में गांव-गांव लोगो से मिलते कांग्रेसी नेता

## 17 नवंबर से बीस नवंबर तक बन्द रहेगा रेलवे क्रासिंग भरवारी

**भरवारी कौशाम्बी।** हावड़ा दिल्ली रेल मार्ग के भरवारी रेलवे क्रॉसिंग के फाटक पर कार्य कराए जाने को लेकर रेलवे अधिकारियों ने कहा कि 17 नवंबर से 20 नवंबर तक रेलवे क्रॉसिंग बंद रहेगी भरवारी रेलवे फाटक 17 नवंबर से 20 नवंबर तक बंद रहने के चलते आवागमन करने वाले यात्री अन्य रेलवे क्रॉसिंग या रेलवे ओवरब्रिज से आवागमन करें। रेलवे अधिकारियों ने कहा है कि इसके बाबजूद यदि कार्य पूर्ण न हो पाने पर रेलवे फाटक भरवारी को 22 नवंबर तक भी बन्द रहने को बढ़ाया जा सकता है इस बीच सभी वाहन बाइक से लेकर चार पहिया वाहन व भारी वाहन बाईपास से आवागमन होगा उक्त आशय की जानकारी स्टेशन मास्टर रेलवे भरवारी ने दी है।

## कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेशों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने व मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिनमें 168 वाहनों का ई चालान किया गया व 02 वाहन का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया साथ ही बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लंघन करने वाले 05 व्यक्तियों से 500 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

## सम्पादकीय

### सांस तो लेने दें, हवा साफ रखने के ठोस उपाय हों

पिछले कई वर्षों से इस मौसम में दिल्ली की हवा इतनी खराब हो जाती है कि दम घुटता-सा लगने लगता है। उस दबाव में ऑड-ईवन जैसे कदम उठाए जाते हैं, जिनसे तात्कालिक तौर पर कुछ राहत भी मिलती है, लेकिन जैसे ही यह वक्त बीतता है, दूरगामी उपाय मानो अजेंडे से गायब ही हो जाते हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि देश के अन्य हिस्सों में इस दौर में भी हवा का प्रदूषण मुद्दा बनता नहीं दिखता। राष्ट्रीय राजधानी की हवा में प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए दिल्ली सरकार ने जिन चार तात्कालिक कदमों की घोषणा की, वे अत्यंत जरूरी हो गए थे। स्कूल-कॉलेजों को हफ्तेभर के लिए बंद करने, सरकारी और गैर-सरकारी ऑफिसों में वर्क फ्रॉम होम लागू किए जाने और हवा में धूल की मात्रा बढ़ाने वाले निर्माण कार्यों पर अस्थायी रोक लगाने से कुछ राहत तो जरूर मिलेगी। जहां तक लॉकडाउन की बात है तो सरकार ने इस पर भी कुछ प्रस्ताव तैयार किए हैं, जो सुप्रीम कोर्ट के सामने रखे जाने हैं। अफसोस की बात यह है कि राहत के ये उपाय तब किए गए, जब सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जरूरत बताई। अच्छा होता कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्देश से पहले ही सही समय पर इस तरह के कदम उठा लेती। आखिर मौसम विभाग की तरफ से जुटाई गई सूचनाएं तो पहले से उपलब्ध थीं। पराली का धुआं आने की बात भी पहले से मालूम थी। समय से कदम उठाए जाते तो संभवतः हवा की क्वॉलिटी इतनी खराब न होती। मगर ध्यान में रखने की बात है कि न तो यह सवाल इन चार-पांच दिनों का है और न ही मामला दिल्ली और आसपास के इलाकों तक सीमित है।

पिछले कई वर्षों से इस मौसम में दिल्ली की हवा इतनी खराब हो जाती है कि दम घुटता-सा लगने लगता है। उस दबाव में ऑड-ईवन जैसे कदम उठाए जाते हैं, जिनसे तात्कालिक तौर पर कुछ राहत भी मिलती है, लेकिन जैसे ही यह वक्त बीतता है, दूरगामी उपाय मानो अजेंडे से गायब ही हो जाते हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि देश के अन्य हिस्सों में इस दौर में भी हवा का प्रदूषण मुद्दा बनता नहीं दिखता। स्विट्जरलैंड स्थित क्लाइमेट ग्रुप आईक्यूएयर की ओर से करवाई गई ताजा स्टडी पर नजर डालें तो खराब एयर क्वॉलिटी वाले दुनिया के दस शहरों की सूची में दिल्ली के साथ ही कोलकाता और मुंबई भी शामिल हैं। जाहिर है तात्कालिक संदर्भों में ये महानगर भले दिल्ली से बहुत बेहतर लगें, लेकिन दुनिया के स्तर पर देखा जाए तो हवा की क्वॉलिटी को दुरुस्त करने की जरूरत तो यहां भी है ही। हालांकि ज्यादा बुरा हाल निश्चित रूप से उत्तर भारत के छोटे-छोटे शहरों में है। सेंट्रल पलूशन कंट्रोल बोर्ड के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, पिछले हफ्ते देश के 15 सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाले शहरों में दस यूपी के पाए गए। इनमें फिरोजाबाद और आगरा भी थे, जहां एक्यूआई क्रमशः 489 और 472 पाया गया। यानी हालात कमोबेश दिल्ली-एनसीआर जैसे ही बुरे हैं। साफ है कि इस समस्या को राष्ट्रीय स्तर पर और दीर्घकालिक नजरिए से ठोस उपाय अपनाते और जारी रखते हुए ही हल किया जा सकता है।

# जनजातियों का दिल जीतने में लगे मोदी-शिवराज

**राघवेंद्र सिंह**

कल तक जिन जनजातियों के दिलों पर राज करती थी कांग्रेस, अब उन्हीं को दिलों में बसाने में लग गई है पूरी भाजपा। मध्यप्रदेश में यह बीड़ा मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने उठाया है और उस पर मुहर लगाने 15 नवंबर को भोपाल आ रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। भोपाल के हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम यहां की अंतिम हिन्दू शासक रानी कमलापत (कमलापति) रखने भाजपा के इसी अभियान से जोड़ कर देखा जा रहा है। यह तो अभी आरम्भ है। बहुत से भौगोलिक और नीतिगत बदलाव भी केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में देखने को मिल सकते हैं। संदर्भ मध्यप्रदेश का है लेकिन इसके राष्ट्रीय महत्व का अंदाजा पीएम मोदी की मौजूदगी से लगाया जा सकता है। जनजातीय समीकरण सत्ता पाने और खोने का बड़ा जरिया है। इसे पिछले पन्द्रह वर्षों से भाजपा जितनी शिद्दत से जाना समझा है उसे शायद कांग्रेस भी नही समझ पाई वरना वह जोबट के रावत परिवार को भाजपा में जाने नही देती। मप्र की 47 जनजातीय बहुल विधानसभा सीटें जिस पार्टी की झोली में चली जाती सत्ता के सिंहासन पर वही विराजती है।

जबलपुर- मण्डला, बालाघाट, झाबुआ- रतलाम से लेकर निमाड़ तक की करीब 84 विधानसभा सीटों पर जनजातीय मत जिस तरफ झुक जाएं सरकार उसी दल की बन जाती है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने इस वोट बैंक के दिल में जगह बनाई और परिणाम स्वरूप कांग्रेस कमलनाथ के रूप में सत्तानशी हो गई थी। इस दरम्यान जनजातियों के संगठन जयेश ने चुनाव में उतरने का निर्णय किया और फिर कांग्रेस को समर्थन देने का असर तीन चुनाव जीतने वाली भाजपा विपक्ष में दिखाई दी। इसके साथ ही जनजातीय आदिवासियों को हिंदुओं से अलग करने के प्रयास भी तेज होने लगे। इससे भाजपा को अपने साथ देश के कमजोर होने का भी खतरा दिखने लगा। लगता है ऐसी ही कुछ वजहों ने भाजपा को इस ओर ध्यान देने के लिए विवश कर दिया। संघ परिवार इस लाइन पर पहले से ही आदिवासी- वनवासियों के बीच काम कर रहा है। लेकिन सत्ता में रहते जब भाजपा से इस वर्ग की अनदेखी हुई और बदले में सरकार गंवानी पड़ी तो उसके कान खड़े हुए और जोबट विधानसभा चुनाव को प्रयोग के तौर पर लड़ा गया। जिसके तहत कांग्रेस के रावत परिवार को भाजपा में लाकर पूर्व मंत्री सुलोचना रावत को उपचुनाव में पार्टी के वफादारों की कीमत पर मैदान में उतरा गया और जीत हासिल की। प्रदेश भाजपा में इस कदम को अच्छा नही माना गया लेकिन दिल्ली दरबार का जरूर इसे मूक समर्थन था। अब इस तरह की योजना जनजातीय बहुल राज्यों में प्रयोग किया जा सकता है। इसमें छत्तीसगढ़ से लेकर झारखण्ड और उड़ीसा भी शामिल हो सकते हैं।

भाजपा और संघ परिवार को लगता है कि आदिवासी- जनजातियों को हिंदुओं से अलग करने का देशव्यापी षडयंत्र किया जा रहा है। इसके पीछे लंबे समय से एक सोची समझी रणनीति के तहत काम किया जा रहा है। इसमें धर्मांतरण भी एक गम्भीर मामला है। इसे रोकने की कोशिशों में संघ परिवार आपरेशन घर वापसी के कार्यक्रम भी करता रहता था। ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड से लेकर पूर्वोत्तर तक जनजातियों को धर्मांतरण के जरिए सनातन धर्म से अलग करने का काम कुछ सामाजिक और राजनैतिक दल कर रहे हैं। संघ परिवार वनवासियों के बीच कई प्रकल्पों के जरिये इसे रोकने का काम कर रहा है। लेकिन अब भाजपा ने लगता है इसको अपने एजेंडे में सबसे ऊपर रखा है। भोपाल में रेलवे स्टेशन गोंडवाना की रानी कमलापति के नाम से रखने के बाद अब ये तय हो गया है की जनजाति महापुरुष भगवान बिरसा मुंडा से लेकर मालवा निमाड़ के स्वतंत्रता सैनानी टांटिया भील, भीमा नायक, सीताराम कवर, रघुनाथ सिंह भिलाला, जबलपुर के राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह को अब जान जान से परिचित कराया जाएगा। इससे जनजाति और हिन्दू समाज के बीच एकता बढ़ेगी। भाजपा को यह आशंका है की सिख और जैन पंथ की तरह जनजातियों को भी हिन्दू समाज से भी अलग करने का ताना बाना कई दशकों से बुना जा रहा है। आने वाले दिनों में भाजपा के लिए इसमें सफलता मिलती है तो यह राष्ट्रीय एकता के साथ हिंदुत्व को मजबूत करने वाला होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ जनजाति समुदायों के बीच घुलमिलकर घनिष्ठ रिश्ता बना रहे हैं। पिछले उपचुनाव में यह बात लोगो ने बड़ी शिद्दत से महसूस भी की है। आने वाले चुनावों में इसके असर दिखना भी शुरू हो सकते हैं। आदिवासी जनजाति से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के भी आत्मीय रिश्ते रहे हैं। बहुत हद तक राजीव गांधी ने भी इसको निभाने की कोशिश की थी। इसका लाभ कांग्रेस पार्टी को चुनाव में जनजाति के वोटों के रूप में भी मिलता था। कुलमिलाकर यह अभियान सामाजिक समरसता के साथ राजनैतिक शक्ति हासिल करने का भी बड़ा जरिया बनेगा।

# चन्नी जिस पैसे को निजी संपत्ति समझ कर बाँट रहे हैं वह आम जनता का धन है

**अशोक मधुप**

ये क्या हो रहा है मदद के लिए दिया जाने वाला धन किसी मुख्यमंत्री की निजी संपत्ति नहीं होती। राजकीय कोष होता है। प्रदेश और देश के जिम्मेदार नागरिकों द्वारा दिए गए टैक्स से संग्रह हुआ धन है, इसको इस तरह से लुटाने की अधिकार किसी को नहीं दिया जा सकता। लगता है वोट की राजनीति देश को बर्बाद करके छोड़ेगी। इसने तो अपराधी और कानून के मानने वालों में फर्क करना ही बंद कर दिया। अपराधियों और कुपात्र की मदद के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग को रोकने के लिये देश की दूसरी संस्थाओं को आगे आना होगा। पंजाब की चरणजीत सिंह चन्नी की सरकार ने निर्णय लिया है कि किसान आंदोलन के दौरान 26 जनवरी को लालकिले पर हुए उपद्रव में गिरफ्तार 83 लोगों को वह दो-दो लाख रुपये की मदद करेगी। केंद्र द्वारा संसद में पारित तीनों कृषि कानून को उसने लागू न करने का भी निर्णय लिया है। पंजाब सरकार इस उपद्रव में मरने वाले दो लोगों को पहले ही पांच-पांच लाख रुपये दे चुकी है।

ये क्या हो रहा है मदद के लिए दिया जाने वाला धन किसी मुख्यमंत्री की निजी संपत्ति नहीं होती। राजकीय कोष होता है। प्रदेश और देश के जिम्मेदार नागरिकों द्वारा दिए गए टैक्स से संग्रह हुआ धन है, इसको इस तरह से लुटाने की अधिकार किसी को नहीं दिया जा सकता। मुख्यमंत्री या किसी मंत्री के निर्णय को उचित-अनुचित बताने वाली कार्य पालिका है। संबंधित अधिकारी हैं। उन्हें इसे रोकना चाहिए। क्योंकि जिम्मेदारी उनकी बनती है, किसी मंत्री या मुख्यमंत्री की नहीं। केंद्र द्वारा प्रदेश में राज्यपाल इसीलिए बैठाए जाते हैं कि वह सरकार के गलत और सही निर्णय पर विचार करें। गलत निर्णय पर रोक लगाएं। इसके ऊपर संसद और राष्ट्रपति हैं। न्यायपालिका गलत और सही निर्णय को परीक्षण करने के लिए है।

मुझे याद आता है कि उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव जब पहली बार मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने मुख्यमंत्री के विवेकाधीन कोष से प्रदेश के पत्रकारों को उपकृत किया था। मायावती मुख्यमंत्री बनीं तो उन्होंने इस कोष से अपनी पार्टी कार्यकताओं का ही पैसा बांटा। इसे लेकर शोर भी मचा था। पर सारे नेता एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं, इसलिए ये मामला आगे नहीं बढ़ा। न कार्यपालिका ने जिम्मेदारी निभाई। न अन्य संस्थाओं ने। लखीमपुर खीरी में किसानों के प्रदर्शन के दौरान हुई मौत में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रत्येक मरने वाले के परिवार को 45-45 लाख रुपये दिये। फिर इनको पंजाब और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कैसे 50-50 लाख रुपए अपने प्रदेश के कोष से दिया।

पंजाब और छत्तीसगढ़ के प्रदेश का धन दूसरे प्रदेश में लुटाने का अधिकार इन प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को किसने दिया। स्वतः संज्ञान लेने वाली न्यायपालिका को इस पर विचार करना चाहिए। देखना चाहिए कि क्या कोई सरकार किसी अपराधी की इस तरह मदद कर सकती है आज किसान प्रदर्शन के नाम पर उपद्रव करने वालों की मदद की गई है, कल चोर, डकैत, देशद्रोही और आतंकवादियों की मदद की जाएगी। उधर पंजाब सरकार अपराधी को मदद करती है तो प्रदेश की सारी जनता को दो-दो लाख क्यों नहीं देती पंजाब समेत पांच प्रदेश में चुनाव होने वाले हैं। इन प्रदेश की जनता को इन मुख्यमंत्री से पूछना चाहिए कि अपराधी की सरकारी खजाने से मदद क्यों की गई मदद करनी है तो अपनी जेब से करो। अपने निजी पैसे से करो। अपराधी की मदद की है तो प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति, आम नागरिक को इनसे दुगनी राशि दो। नहीं देते तो इनका बहिष्कार किया जाना चाहिए। इन गलत निर्णय का विरोध करने के लिए प्रदेश और जिम्मेदार देशवासियों को आगे आना होगा। किसी को तो पहल करनी पड़ेगी ही।

# बर्तनों में खटपट समावेशी होती है, विद्रोही नहीं

**निशिकांत ठाकुर**

कितनी सही और सहज बात है कि हिंदू-मुसलमान दोनों एक–दूसरे के धर्म का कितना सम्मान करते थे, कितना आदर देते थे। भारत में एक पुरानी कथा परंपरागत है और जो ठीक भी है, वह यह कि जब कुछ बर्तन एक साथ रखे हों तो कुछ–न–कुछ आवाज आती ही है। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं हो जाता है कि हम एक–दूसरे के रक्त के प्यासे हो जाएं। प्रसिद्ध पुर्तगाली इतिहासकार फरी सौजा ने ह्यदक्षिण के हालातह्न में लिखा है कि ह्यहिंदू और मुसलमान एक–दूसरे की सेवा करते थे और मुसलमान राजा हिंदुओं को उच्च और सम्मानित पदों पर नियुक्त किया करते थे। यानी, इस समय हिंदुओं के विरुद्ध कोई भेदभाव नहीं था। वह बिना किसी बाधा के अपने धार्मिक कृत्य और उत्सव मनाते थे। मुसलमान हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के प्रति परम आदर प्रदर्शित किया करते थे।ह्न हुमायूं ने राज्य की शक्ति वृद्धि निमित्त वसीयत, जो अपने पुत्र को लिखी थी, उसके कुछ अंश को उद्धृत करना उपयुक्त होगा- ह्यप्रिय पुत्र, भारत के साम्राज्य में अनेक धर्मों का पालन करने वाले निवास करते हैं। ईश्वर को धन्यवाद है कि उन्होंने ऐसा साम्राज्य तुम्हें प्रदान किया। तुम्हारा कर्तव्य है कि तुम अपने हृदय से सभी ऐसी भ्रामक धारणाओं को निकाल बाहर करो, जो तुमने विभिन्न धर्मों के प्रति बना रखी हो। प्रत्येक व्यक्ति के प्रति उनके धमार्नुकूल न्याय करो। गाय की कुबार्नी विशेषरूप से बंद कर दो, कारण तुम इसके रहते भारतीय जनता के हृदय को जीत नहीं सकते। तुम्हे ऐसा प्रयत्न करना चाहिए जिससे तुम्हारी प्रजा हृदय से राज्यभक्त बन सके।

सन 1857 के विद्रोह के पहले अंग्रेजों की भारतीय सेना सभी प्रकार के लोगों से बनी हुई थी। उसमें हिंदू और मुसलमान, सिख और पुरबिया सभी शामिल थे। सन 1857 वाले इसके सर्वमान्य प्रयत्न से, जो विदेशी शासकों की बढ़ती राष्ट्रीय एकता का परिणाम था, उनकी आंख खुल गई, और बाद में जो नीति अपनाई गई, उसका लक्ष्य उसी एकता को भंग करना था। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुस्तक ह्यखंडित भारतह्न से साभार। अब आज भारत में मुसलमानों की क्या स्थिति है इस पर भी नजर डालें। ह्यगेटी इमेजेसह्न एजेंसी की एक सर्वेक्षण के अनुसार आज देश में 17.20 करोड़ मुस्लिम रहते हैं। यह ब्रिटेन, स्पेन और इटली की कुल जमा आबादी के बराबर है। यह दुनिया के किसी भी देश में मुसलमानों की तीसरी सबसे ज्यादा बड़ी आबादी है और हिंदुस्तान के मुसलमानों में जितनी विविधता देखने को मिलती है, वह किसी और देश के मुसलमानों में नहीं।

एक वाकया पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से जुड़ा है । फरवरी 2020 में तुर्की के राष्ट्रपति अर्दोआन पाकिस्तान के दौरे पर गए तो साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में इमरान ने बड़े गर्व से कहा कि ह्यतुर्कों ने हिंदुस्तान पर 600 सालों तक शासन किया।ह्न पाकिस्तान के इतिहासकार मुबारक अली ने एक साक्षात्कार में कहा कि मध्यकालीन मुस्लिम शासकों के प्रति पाकिस्तानियों और मुसलमानों के एक तबके में दिखने वाली गर्व की भावना, परेशान करने वाली बात है। मुबारक अली कहते हैं,ह्नजब कोई मुसलमान कहेगा कि हमने हिंदुस्तान पर एक हजार सालों तक राज किया तो हिंदू यही सोचेगा कि मुसलमान खुद को यहां का नहीं मानते हैं। इसी ओढ़े हुए गर्व के कारण हिंदुओं के लिए मुसलमानों को बाहरी कहना और आसान हो जाता है। मुसलमानों को सोचना चाहिए कि मध्यकालीन भारत में जो मुस्लिम शासन था वह आम मुसलमानों का शासन नहीं था। वह एक सत्ता वर्ग था। आप जब कहते हैं कि मुसलमानों ने सैकड़ों सालों तक तुम पर राज किया तो इसका यही भाव होता है कि हिंदुओं को दबाकर रखा गया। मुसलमान विजेताओं का रुख साधारणतः हिंदुओं के प्रति सहिष्णुता का ही रहा है। उसके लिए उस काल की एक घटना का उल्लेख यहां किया जा सकता है। हिंदुओं ने जब उस पर कब्जा करने वाले मुहम्मद-बिन कासिम से पूजा आदि के विषय में स्वतंत्रता की प्रार्थना की तो उसने इराक के गवर्नर हजाज को इस संबंध में पत्र लिखा। उसने उत्तर दिया -ह्यचूंकि उन्होंने (हिंदुओं ने) अधीनता स्वीकार कर खलीफा को कर देना स्वीकार कर लिया है, इसलिए उनसे और किसी बात के लिए कुछ कहना ठीक नहीं है। वे अब हमारे संरक्षण में आ गए हैं और हम उनके जानमाल पर किसी तरह अपना हाथ नहीं बढ़ा सकते। उनको अपने देवताओं को पूजने की अनुमति दी जाती है। किसी व्यक्ति को उसके धर्माचरण से रोका या विरत नहीं जा सकता। वे अपने घरों में जैसे चाहें, रह सकते हैं।ह्न यह पैगंबरों के उपदेशों और उस सिद्धांतों के अनुकूल था जिसके अनुसार खलीफा लोग, जो अधीन होकर जजिया कर देना स्वीकार करने वाले गैर-मुसलमानों के साथ इस प्रकार बर्ताव करते थे, अनुशासित हुआ करते थे। कितनी सही और सहज बात है कि हिंदू-मुसलमान दोनों एक–दूसरे के धर्म का कितना सम्मान करते थे, कितना आदर देते थे। भारत में एक पुरानी कथा परंपरागत है और जो ठीक भी है, वह यह कि जब कुछ बर्तन एक साथ रखे हों तो कुछ–न–कुछ आवाज आती ही है। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं हो जाता है कि हम एक–दूसरे के रक्त के प्यासे हो जाएं। राजनीतिज्ञ तो यह चाहते ही हैं कि आपसी फूट हिंदुओं और मुसलमानों के बीच बनी रहे और वह उसका लाभ उठाते रहें, सत्ता–सुख भोगते रहें।

इस बात की पूरी तैयारी अंग्रेजों ने अपने समय में ही की थी कि हिंदू-मुसलमान अलग–अलग कौम हैं जो कभी आपस में उसी प्रकार नहीं मिल सकते जिस प्रकार रेल की पटरियां कभी मिल नहीं सकतीं। हां, बिना दोनों पटरियों के कोई गाड़ी चल भी नहीं सकती। इसलिए दोनों से सामान्य दूरी बनाकर रखो और उस पर अपनी शासन रूपी ट्रेन चलाते रहो। परिणाम यह हुआ कि अंग्रेज वर्षों तक अपनी फूट डालो राज करो की नीति पर भारतीयों को गुलाम बनाकर रखा और अपनी इसी नीति से हिंदुओं और मुसलमानों के मन को इतना विषाक्त कर दिया कि आज जगह–जगह हिंदू-मुसलमान के दंगे एक आम कहिए या सामान्य बात हो गई ही। अंग्रेजों की इसी घृणित नीति के कारण भारत दो हिस्सों में बांटकर हिंदुस्तान-पाकिस्तान बन गया जिसके परिणामस्वरूप लाखों हिंदू–मुसलमान काट दिए गए, सरहद पर खून की नदियां बह गईं। ऐसा नहीं है कि एक–दूसरे का रक्त बहाना अब बंद हो गया है। अब तो राजनीतिज्ञों दोनों के मध्य विवाद कराने को ही अपना धर्म समझते हैं। ह्य इसके बाद भी ऐसे राजनीतिज्ञों पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होती, उल्टे उनकी पदोन्नति हो जाती है। यदि सरकार अपने मन में ठान ले कि देश में अब कोई दंगे नहीं होने देंगे तो कोई शक नहीं कि सरकार आज इतनी सक्षम है कि वह कानून बनाए और वैसे कानून हैं भी कि जो समाज में रह रहे दोनों समुदायों के बीच किसी प्रकार नफरत के बीज बोने का प्रयास करेंगे, उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। फिर इस समस्या का निदान धीरे–धीरे होने लगेगा। पर, इस कार्य के निमित्त किसी को बीड़ा तो उठाना ही पड़ेगा, लेकिन उसके लिए कौन होगा जो आगे आकर कहेगा कि हम देश में सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। पर, ऐसा कौन होगा जो इसका बीड़ा उठाए और बढ़ती आपसी नफरत को दूर करने के लिए अपने को न्योछावर कर दे। हिंदू यदि गर्व से कहता है कि हिंदुस्तान उसका है, तो मुसलमान भी तो यही कहते हैं कि हिंदुस्तान उनका है, क्योंकि उनके पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई में साथ–साथ कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रजी हुकूमत के विरुद्ध क्रांति का बिगुल फूंका था। फिर दोनों के मन में यह घृणित भाव क्यों और कैसे आया निश्चित रूप से यह कोई–न–कोई साजिश के ही कारण हुआ है और इसमें राजनीतिज्ञों की संलिप्तता जगजाहिर है। उनकी सोच, उनकी दूरदर्शिता एक सामान्य लोगों से अधिक होती है, क्योंकि वह जानते हैं कि जब तक समाज को खंड–खंड में बांटा नहीं जाएगा, वह अपना कल्याण नहीं कर सकते। अपनी स्वार्थ सिद्धि के मोह में सदैव वह कभी हिंदू-मुस्लिम, कभी अगड़ी-पिछड़ी, कभी ब्राह्मण–राजपूत–यादव के नाम पर समाज को बांट कर सत्ता पर काबिज होना अपनी नियति बना चुके हैं। इन सब कामों के लिए जो जितना समाज को विघटित कर सकता है, सत्ता की बुलंदियों पर उतनी जल्दी पहुंच जाता है। अभी अगले वर्ष देश के पांच राज्यों में विधानसभा का चुनाव होने वाला है। उसमे आप देखते रहिए जो समाज के सीधी–सादी जनता को बरगलाएगा, वह उतनी आसानी से सत्ता पर काबिज हो जाएगा। बस थोड़ा इंतजार कीजिए। हमें नेतृत्व और समाज को दिशा–निर्देश देने वाले पहले भी और आजादी के बाद भी मन ही मन यह चाहते रहे हैं कि अंग्रेजों द्वारा बनाई गई यह नीति अच्छी है, इसलिए उसे आगे बढ़ते रहो। आजादी दिलाने वाले हमारे राजनीतिज्ञ यह जानते थे, तभी इसलिए संविधान सभा में हर किसी को प्रतिनिधित्व देने का निर्णय लिया गया। वह इसलिए कि सबको सामान्य रूप से विकसित होने का अवसर मिले। लेकिन, आजादी के बाद हुआ इसका उल्टा। उस फामूर्ले का अर्थ ही गलत लगा लिया गया जिससे जातिवाद को बढ़ावा मिला। आज हम उसी का दंश भोग रहे हैं कभी हिंदू-मुसलमान के रूप में तो कभी अगड़ी और पिछड़ी जाति के रूप में। हमारा देश इस जातिगत समीकरण से आगे नहीं बढ़ेगा, बल्कि एक प्रकार से आपसी कट्टरपंथ में आकंठ डूबकर अपने विनाश का रास्ता चुन लेगा। अगर हम हिंदू-मुसलमान की कट्टरता से बाहर नहीं निकलेंगे तो एक की करनी का फल सब को अर्थात सारे देश को भुगतना पड़ेगा। इसलिए अपना फर्ज देश को आगे बढ़ाने में लगाइए, न कि हिंदू मुस्लिम कटुता को बढ़ाने में अपना समय नष्ट कीजिए।

# उपचुनावों के नतीजे, महंगाई एवं भाजपा का खिसकता जनाधार

**डॉ. लखन चौधरी**

यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के सात दशक बाद भी भारतीय लोकतंत्र के सारे निर्णय केवल वोटबैंक की राजनीति से संचालित हो रहे हैं यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के सात दशक बाद भी भारतीय लोकतंत्र के सारे निर्णय केवल वोटबैंक की राजनीति से संचालित हो रहे हैं। सारी लोकतांत्रिक योजनाएं, नीतियां एवं कार्यक्रम वोटबैंक के मद्देनजर चुनावी नफा-नुकसान को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे हैं। लोक कल्याण या जन सरोकार के नाम पर केवल लोकलुभावनी बदलावों की बातें की जा रही हैं। पिछले दिनों लोकसभा एवं विधानसभा के उपचुनावों के जो परिणाम आये हैं, उसके क्या एवं कितने मायने हैं यह तो आने वाले दिनों में पता चलेगा लेकिन इसके तात्कालिक प्रभाव एवं परिणाम दिखने आरंभ हो गये हैं। इन उपचुनावों का भारतीय राजनीति पर कितना व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव एवं परिणाम होगा यह समझने में भी शायद वक्त लगे, मगर इस चुनाव ने भारतीय जनता पार्टी की नींद उड़ा दी है, इसमें कोई शक नहीं है। चुनाव परिणाम आने के तत्काल बाद भाजपा जिस तरह से हरकत में आई है, यह भी दिलचस्प है। बहरहाल जो भी हो इससे आम आदमी को यदि थोड़ी सी भी राहत मिलती है तो यह एक सुखद असर ही माना जाना चाहिए। दरअसल भाजपा आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर दीपावली के जश्न को दोगुना करते हुए अपने कार्यकताओं में उत्साह भरने के मकसद से इन उपचुनावों की तारीख को ठीक दीवाली के पहले सेट करके चुनाव मैदान में उतरी थी, लेकिन यह दांव भाजपा को उल्टा पड़ गया। हालांकि इस उपचुनाव में भाजपा को लोकसभा की एक सीट ही गंवानी पड़ी है, मगर यह हार इतनी बड़ी है कि भाजपा अंदर से हिल गई है। हिमाचल प्रदेश की मण्डी लोकसभा में भाजपा के हार के कई मायने हैं। एक तो हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का गृह राज्य है। दूसरा अनुराग ठाकुर का भी गृह राज्य है, जिनकी कोरोना कालखण्ड के विशेष आर्थिक पैकेज बनाने में बड़ी भूमिका रही है। तीसरा अगले साल हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हैं। इस उपचुनावों में हिमाचल प्रदेश में भाजपा लोकसभा एवं विधानसभा की एक भी सीट जीत नहीं पाई है, ऊपर से वहां के मुख्यमंत्री ने इस हार के लिए महंगाई को जिम्मेदार ठहरा कर भाजपा के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। पिछले डेढ़-दो सालों से बाकायदा सरकारी संरक्षण में पैदा हुई महंगाई की अनदेखी करते हुए भाजपा के सारे बड़े नेता इस महंगाई को ही जायज ठहराने में लगे थे। इतना ही नहीं, अपितु ऊल-जुलूल कुतर्कों से इस महंगाई को ही देशहित में विकास के सूचक के तौर पर पेश करने में लगे थे। इन उपचुनाव परिणामों ने सरकार एवं भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं की सारी हेकड़ी निकाल कर बोलती बंद कर दी है। कोरोना की आड़ में विगत दो सालों से सरकार जिस तरह से महंगाई की अनदेखी करती आ रही है, उपचुनावों के नतीजे इसी के परिणाम हैं। महंगाई को लेकर इस सरकार का रवैया शुरू से ही गैर जिम्मेदाराना रहा है। सरकार समझती रही है कि हिंदुत्व एवं साम्प्रदायिकता का मामला ऐसा रामबाण तरीका है जिससे सारे चुनावी नैया पार किये जा सकते हैं। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। कमरतोड़ महंगाई अब सरकार के लिए जंजाल बनती जा रही है। इन उपचुनावों में दादरा एवं नगर हवेली लोकसभा सीट में भाजपा का वोट शेयर सात फीसदी गिरा है।

यही वजह है कि इन उपचुनावों के परिणाम आते ही सरकार ने बगैर विलंब किये पेट्रोल-डीजल के दामों में तत्काल कटौती की घोषणा कर दी। सामने दीपावली का त्यौहार होने के कारण सरकार के नुमाइंदे एवं समर्थक इसे सरकार का दीवाली गिफ्ट कहकर जोरशोर से प्रचारित-प्रसारित कर रहे हैं। बहुत से लोग जो राजनीति की चालबाजियों से वाकिफ नहीं होते हैं उन्हें भी लगता है यह सरकार का जनता के लिए दीवाली गिफ्ट है, जबकि हकीकत इससे भिन्न है। वास्तविकता यह है कि इन उपचुनावों में भाजपा के वोट शेयर में 7-21 फीसदी तक की भारी गिरावट आई है। इसी के परणाम स्वरूप पेट्रोल-डीजल के दामों में कटौती या कमी की गई है। अब भाजपा समझ चुकी है कि 2022 में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में महंगाई बड़ा मुद्दा बनकर सत्ता के लिए बड़ी रुकावट खड़ी कर सकती है। स्पष्ट है कि इन उपचुनावों में भाजपा की हार की मुख्य वजह महंगाई ही रही है, जो पेट्रोलियम पदार्थों की ऊंची कीमतों के कारण लगातार बढ़ रही है।

यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के सात दशक बाद भी भारतीय लोकतंत्र के सारे निर्णय केवल वोटबैंक की राजनीति से संचालित हो रहे हैं। सारी लोकतांत्रिक योजनाएं, नीतियां एवं कार्यक्रम वोटबैंक के मद्देनजर चुनावी नफा-नुकसान को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे हैं। लोक कल्याण या जन सरोकार के नाम पर केवल लोकलुभावनी बदलावों की बातें की जा रही हैं। चिंतन की बात यह है कि इन लोकलुभावनी नीतियों के कोई दूरगामी प्रभाव एवं परिणाम नहीं हैं, इसके बावजूद सरकारों को वोट दिलाने में कामयाब होते रहते हैं। इस समय दुनिया का शायद ही कोई लोकतांत्रिक देश इस तरह का होगा, जहां इस तरह से लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं चलाई जा रही हैं। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए कतई उचित संकेत नहीं माना जा सकता है। हां, इन उपचुनावों के नतीजों ने जरूर सरकार को एक संकेत दे दिया है, यानि महंगाई अब चुनावी मुद्दा बन चुकी है।

# ऐसा कैसा जश्न ! मैथ्यू वेड ने पैर से निकाला जूता और उसमें शराब डालकर गटकी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया है। फाइनल मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ आठ विकेट से जीत दर्ज करने के बाद ऑस्ट्रेलियाई ड्रेसिंग रूम में जश्न का माहौल था, और खिलाड़ी इस कदर जश्न में डूब गए कि जूते में ही शराब डालकर पीने लगे। ऑस्ट्रेलियाई ड्रेसिंग रूम के जश्न का एक वीडियो आईसीसी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है। इस वीडियो में मैथ्यू वेड ने अपना जूता उतारा, उसमें शराब डाली और गटक ली। इसके बाद मार्कस स्टॉयनिस ने उनसे जूता लिया और उसमें शराब डाली और पी ली। ऑस्ट्रेलिया को इस टी20 वर्ल्ड कप से पहले खिताब के दावेदारों में शुमार नहीं किया जा रहा था। वहीं टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड





वॉर्नर को टूर्नामेंट से ठीक पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद टीम से ड्रॉप कर दिया गया था। ऐसे में उनकी फॉर्म को लेकर चिंता बनी हुई थी। वॉर्नर ने सभी आलोचकों को करारा जवाब देते हुए टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाए और मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम को सुपर-12 राउंड में इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन बचे हुए चार मैच जीतकर टीम सेमीफाइनल में पहुंची, जहां उनका सामना पाकिस्तान से हुआ था। पाकिस्तान को टी20 वर्ल्ड कप जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई और न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2021 का खिताब अपने नाम किया।

# फाइनल में कहां हुई न्यूजीलैंड से चूक, कैसे फिसल गया टी-20 विश्व कप का खिताब

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप की ट्रॉफी को पहली बार अपने नाम करने का न्यूजीलैंड टीम का सपना साकार नहीं हो सका। दुबई इंटरनेशल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में टीम को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

कप्तान केन विलियमसन ने 85 रनों की पारी खेलकर स्कोर बोर्ड पर 172 रनों का दमदार स्कोर तो खड़ा किया, लेकिन महामुकाबले में गेंदबाजों ने पिक्चर खराब कर दी। कीवी बॉलर्स का हाल इस कदर बेहाल रहा कि पूरे मैच में टीम सिर्फ दो ही विकेट निकाल सकी और वह दोनों विकेट भी महज एक गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने चटकाए। आइए आपको बताते हैं किन गलतियों से वजह से फिसला न्यूजीलैंड के हाथों से विश्व कप जीतने का सुनहरा मौका। टॉस गंवाने के बाद न्यूजीलैंड पहले बैटिंग करने उतरी, लेकिन पिछले मैच के हीरो रहे डेरेल मिचेल इस मुकाबले में अपना दमखम नहीं दिखा सके। मिचेल महज 11 रन बनाकर चलते बने। वहीं, अनुभवी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल भी एक-एक रन के लिए तरसते दिखाई दिए।



गप्टिल ने 28 रन जरूर बनाए, पर इन रनों को बनाने के लिए वह 35 गेंदें खेल गए। पावरप्ले में कीवी टीम सिर्फ 32 रन ही बना पाई और 10 ओवर का खेल होने पर भी स्कोर बोर्ड पर महज 57 रन ही लगे थे। हालांकि, आखिरी में कप्तान केन विलियमसन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम को 172 रनों के टोटल तक जरूर पहुंचाया, लेकिन अगर शुरूआत दमदार हुई होती तो 190 या 200 रन बोर्ड पर लग सकते थे।

न्यूजीलैंड की पारी को कप्तान केन विलियमसन ने अकेले अपने कंधों पर जिम्मेदारी ली और टीम के टोटल को 172 तक पहुंचाया। कीवी खेमे के लिहाज से बुरी बात यह रही कि कोई अन्य बल्लेबाज विलियमसन की तरफ क्रीज पर खड़े होकर उनका साथ नहीं निभा सका। कीवी कप्तान ने जिस अंदाज में बल्लेबाजी की अगर दूसरे से भी इसी विस्फोटक अंदाज में बैटिंग हुई होती तो यकीनन स्कोर बोर्ड पर 200 प्लस का टारगेट खड़ा होता। विलियमसन के 85 रनों को छोड़ दें तो बाकी बल्लेबाज मिलकर कुल 87 रन ही बना सके।

ट्रेंट बोल्ट ने जब तीसरे ओवर में ऑस्ट्रेलिया कप्तान आरोन फिंच को चलता किया तो कंगारू टीम के रनों पर भी लगाम लग गई। यह वह समय था जब वॉर्नर भी क्रीज पर सेट होने की कोशिश कर रहे थे और बहुत सहज नजर नहीं आ रहे थे। हालांकि, कीवी गेंदबाज इस प्रेशर को बरकरार नहीं रख सके। पारी का चौथा ओवर फेंकने आए एडम मिल्ने ने 15 रन लुटाकर कंगारू बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका दिया और इसके बाद मिचेल मार्श और वॉर्नर की जोड़ी जीत को न्यूजीलैंड से दूर ले जाती चली गई। टी-20 विश्व कप में अबतक खेले गए मैचों में न्यूजीलैंड के स्पिनर्स का रोल काफी अहम रहा था। ईश सोढ़ी और मिचेल सैंटनर की जोड़ी ने बीच के ओवरों में रनों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ विकेट भी निकाल कर दिए थे। लेकिन, फाइनल में ना तो सोढ़ी का जादू चला और ना ही सैंटनर की फिरकी काम आ सकी। सोढ़ी ने अपने तीन ओवर के स्पैल में 40 रन लुटा दिए तो सैंटनर भी 23 रन खाकर कोई विकेट नहीं निकाल सके। इस स्पिन जोड़ी की नाकामी न्यूजीलैंड को फाइनल में यकीनन काफी भारी पड़ी।

# टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर सुनील गावस्कर ने उठाया अहम मुद्दा, बोले- गौर करने की जरूरत है

**नई दिल्ली, एजेंसी)।** भारत के पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने सोमवार को कहा कि हाल में संपन्न टी-20 वर्ल्ड कप में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमें फायदे की स्थिति में थीं और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) को इस पर गौर करना होगा जिससे कि टीमों को बराबरी का मौका मिले। यूएई में रविवार को खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड पर ऑस्ट्रेलिया की जीत के साथ संपन्न टी-20 वर्ल्ड कप में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने अधिकतर मैच जीते, जिसमें सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल है। गावस्कर ने 'स्पोर्ट्स टुडे' से कहा, ''कमेंटेटर कह रहे थे कि आज ओस का असर नहीं था, इसलिए मुझे लगता है कि इस मैच (फाइनल) में ओस की इतनी भूमिका नहीं थी, लेकिन मुझे लगता है कि पिछले मैचों में ऐसा था और



संभवतः इस पर गौर करने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन आप कह सकते हो कि अगर ग्रुप मैच उसी समय खेले गए तो फिर नॉकआउट के समय में बदलाव क्यों।'' गावस्कर ने कहा, ''लेकिन एक बार फिर मुझे लगता है कि इस पर आईसीसी क्रिकेट समिति को विचार करना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि दोनों टीमों को बराबरी का मौका मिले।

बॉलिंग कोच रहे भरत अरुण ने टीम के ग्रुप स्टेज से बाहर होने के बाद ओस के असर पर बात की थी। बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने टूर्नामेंट में 45 में से 29 मुकाबले जीते। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के बारे में गावस्कर ने कहा कि आईपीएल की नीलामी में वे उन खिलाड़ियों में शामिल होंगे, जिनकी काफी मांग होगी। आईपीएल के पिछले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले वॉर्नर को कप्तानी से हटाया और फिर उन्हें प्लेइंग इलेवन से भी बाहर कर दिया। हालांकि वॉर्नर ने टी-20 वर्ल्ड कप में जोरदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने सात मैचों में 289 रन बनाए। गावस्कर ने कहा, ''निश्चित तौर पर (वह उन खिलाड़ियों में शामिल होंगे जिनकी काफी मांग होगी)। मत भूलिए कि दो नई टीमें भी होंगी। उसके अनुभव को मत भूलिए, उसके पास नेतृत्व क्षमता भी है। यह फॉर्मेट उसके लिए बना है। मैदान पर वह इतना अधिक ऊर्जावान है। दो नई टीमें या कोई अन्य टीम जिन खिलाड़ियों की तलाश में होंगी उनमें वह टॉप पर होगा, क्योंकि ऐसा नहीं लगता कि सनराइजर्स उसे रिटेन करेगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में जीत के बाद वाली जिमी नीशम की फोटो हुई वायरल

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप फाइनल के बाद से जिमी नीशम की सेमीफाइनल मैच के बाद वाली फोटो खूब वायरल हो रही है। फैन्स कमेंट में लिख रहे हैं कि नीशम को फ्यूचर पहले से ही पता था। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच जीतने के बाद जहां पूरी कीवी टीम जश्न में डूब गई थी, वहीं नीशम बिल्कुल शांत एक कोने में बैठे दिखे थे। नीशम के चेहरे पर कोई भाव नहीं थे और वह इस जश्न का हिस्सा भी नहीं बने थे। फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया से आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा, इसके बाद से फैन्स उनकी सेमीफाइनल के बाद वाली फोटो को फिर से खूब शेयर कर रहे हैं। नीशम सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और अपने ट्वीट्स को लेकर चर्चा में भी रहते हैं।

# शोएब अख्तर के साथ फाइनल मैच का मजा लेते दिखे गांगुली-अजहर

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2021 का फाइनल मैच रविवार को दुबई इंटरनैशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने जीतकर पहली बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया। यह फाइनल मैच देखने के लिए पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर भी स्टेडियम पहुंचे हुए थे। अख्तर ने मैच का लुत्फ कुछ देर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली और भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ उठाया। अख्तर ने इन दोनों के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'एक पुराने दोस्त और ऑन द ग्राउंड प्रतिद्वंद्वी से मिलना अच्छा रहा। फोटो में बीसीसीआई चेयरमैन सौरव गांगुली और महान मोहम्मद अजहरुद्दीन।' अजहर इस फोटो में अपने फोन में व्यस्त दिख रहे हैं,



जबकि शोएब और गांगुली आपस में कुछ बातचीत करते नजर आ रहे हैं। शोएब और गांगुली के बीच कई बार क्रिकेट के मैदान पर बॉल और बैट की जंग देखने को मिली है।

बीसीसीआई ने यह टी20 वर्ल्ड कप होस्ट किया है। यह वर्ल्ड कप पहले भारत में ही खेला जाना था लेकिन बाद में इसको युनाइटेड अरब अमीरात शिफ्ट कर दिया गया था। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचा था, जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की और न्यूजीलैंड को 20 ओवर में चार विकेट पर 174 रनों पर रोका। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 18.5 ओवर में दो विकेट गंवाकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।





# टी-20 विश्व कप में गूंजा डेविड वॉर्नर के बल्ले का शोर, वाइफ ने आलोचकों पर यूं साधा निशाना

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप से पहले डेविड वॉर्नर की खराब फॉर्म को लेकर कई तरह से सवाल खड़े किए जा रहे थे। आईपीएल 2021 में नाकामी के बाद फैन्स को यह डर सता रहा था कि वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया के प्लेइंग इलेवन में खेलने उतरेंगे या नहीं। इस मुश्किल दौर से वॉर्नर इस कदर बाहर निकले कि पूरा विश्व क्रिकेट आज उनको सलाम कर रहा है। सेमीफाइनल और फिर फाइनल मुकाबले में कंगारू ओपनर ने अपने बल्ले से जौहर दिखाए और ऑस्ट्रेलिया को पहली बार फटाफट क्रिकेट का चैंपियन बनाने में अहम किरदार निभाया। वॉर्नर को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। जिसके बाद उनकी वाइफ कैंडिस वॉर्नर ने इशारों-इशारों में आलोचकों को करारा जवाब दे डाला है।

कैंडिस वॉर्नर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वॉर्नर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने की तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'खराब फॉर्म, बहुत बूढ़ा और स्लो।' वॉर्नर की वाइफ ने इसके साथ हंसने वाली इमोजी भी शेयर की और इशारों-इशारों में अपने पति को ट्रोल करने वालों को बिना कुछ कहे ही जबरदस्त मैसेज दे दिया। डेविड वॉर्नर ने यूएई और ओमान की धरती पर खेले गए इस विश्व कप के 7 मैचों में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 48.17 की शानदार औसत और 146.70 के लाजवाब स्ट्राइक रेट से 289 रन कूटे। वॉर्नर के बल्ले से उस समय रन निकले जब टीम को इसकी सबसे ज्यादा दरकार थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ कंगारू टीम को हर हाल में जीत चाहिए थी, तब वॉर्नर ने 89 रनों की शानदार पारी खेलकर अकेले दम पर ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल का टिकट दिलाया। इसके बाद सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ वॉर्नर की वो 49 रनों की पारी निर्णायक साबित हुई। वहीं, फाइनल मुकाबले में कप्तान फिंच के जल्दी आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ने अर्धशतक जमाकर टीम को संकट से निकालने में अहम भूमिका निभाई। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में वॉर्नर ने कीवी टीम के खिलाफ फाइनल में 38 गेंदों का सामना किया और चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। वॉर्नर ने दूसरे विकेट के लिए मिचेल मार्श के साथ मिलकर 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई जिसके दम पर ऑस्ट्रेलिया पहली बार टी-20 चैंपियन बनने में सफल रही। वॉर्नर के अलावा मार्श ने अपनी बैटिंग से हर किसी का दिल जीता और 50 गेंदों में 77 रनों की नाबाद पारी खेलकर फाइनल में मैन ऑफ द मैच बने।

विश्व क्रिकेट को मिला नया टी-20 चैंपियन

# फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के तीन खिलाड़ियों ने लिखी ऐतिहासिक जीत

**नई दिल्ली।** टी-20 चैंपियन, फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के इन तीन खिलाड़ियों ने लिखी ऐतिहासिक जीत की कहानी टी-20 विश्व कप 2021 का चैंपियन मिल चुका है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से पीटकर पहली बार फटाफट क्रिकेट के वर्ल्ड कप पर कब्जा जमाया। महामुकाबले में कंगारू टीम चढ़कर खेली और किसी भी समय मैच में पीछे होती हुई नजर नहीं आई। टीम की ओर से मिचेल मार्श और डेविड वॉर्नर ने जबरदस्त बल्लेबाजी की और टीम को पहली दफा टी-20 चैंपियन बनाने में अहम किरदार निभाया। कप्तान केन विलियमसन ने 85 रनों की बेहतरीन इनिंग खेली, लेकिन गेंदबाजों का साथ ना मिलने की



वजह से उनका सपना साकार नहीं हो सका। आइए आपको बताते हैं उन तीन खिलाड़ियों के बारे में जिन्होंने फाइनल में अपने प्रदर्शन से लूटी महफिल। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कंगारू टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और कप्तान आरोन फिंच का विकेट जल्दी गंवाने के चलते टीम पर दबाव बढ़ रहा था। मिचेल मार्श ने क्रीज पर कदम रखते ही पहली तीन गेंदों में इस प्रेशर को रिलीज कर दिया। मार्श ने एडम मिल्ने के खिलाफ सिक्स लगाकर अपनी पारी की शुरूआत की और अगली दो गेंदों पर दो जोरदार चौके जड़े। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ने इस लय को पूरे मैच में कायम रखा और डेविड वॉर्नर और बाकी बल्लेबाजों पर किसी भी तरह का दबाव नहीं आने दिया। मार्श 50 गेंदों में 77 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान उन्होंने 154 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की और 6 चौके और चार छक्के लगाए।

वर्ल्ड कप से पहले फॉर्म को लेकर उठ रहे तमाम सवालों के जवाब डेविड वॉर्नर ने बड़े मैचों में अपने बल्ले से दिए। सेमीफाइनल में 49 रनों की पारी खेलने के बाद दुबई में भी कंगारू ओपनर का बल्ला जमकर बोला। वॉर्नर ने महज 38 गेंदों में चार चौके और तीन गगनचुंबी छक्कों की मदद से 53 रन ठोके। मार्श के लिए दूसरे विकेट के लिए वॉर्नर द्वारा की गई 91 रनों की पार्टनरशिप ने न्यूजीलैंड को मैच से बाहर फेंकने का काम किया। सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ 49 रन लुटाने वाले जोश हेजलवुड ने फाइनल मैच में ऐसा कमबैक किया कि हर कोई उनका मुरीद हो गया। चार ओवर के स्पैल में इस तेज गेंदबाज ने महज 16 रन खर्च किए और तीन बड़े विकेट अपने नाम किए। हेजलवुड द्वारा फेंका गया न्यूजीलैंड पारी का 18वां ओवर काफी निर्णायक साबित हुए। इसी ओवर में हेजलवुड ने ग्लेन फिलिप्स और फिर कप्तान केन विलियमसन को तीन गेंदों के अंदर पवेलियन भेजकर कीवी टीम के बड़े स्कोर तक पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फेरा।

# किस आईपीएल टीम के लिए अगले साल खेलेंगे डेविड वॉर्नर वीरेंद्र सहवाग ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 डेविड वॉर्नर के लिए अभी तक सबसे खराब साल साबित हुआ। बीच टूर्नामेंट में उनसे कप्तानी छीनी गई और फिर प्लेइंग कसे भी उनको आउट कर दिया गया। इसके बाद टी20 वर्ल्ड कप में वॉर्नर का बल्ला जमकर बोला और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को टी20 वर्ल्ड चैंपियन बनाने में अहम भूमिका भी निभाई। आईपीएल 2022 के लिए मेगा ऑक्शन में वॉर्नर का उतरना लगभग तय है, ऐसे में वीरेंद्र सहवाग ने बताया कि अगले साल वह आईपीएल में किस टीम के लिए खेलते हुए नजर आ सकते हैं।



सनराइजर्स हैदराबाद या किसी भी आईपीएल टीम ने अभी तक अपने रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट की घोषणा नहीं की है, लेकिन वॉर्नर के साथ इस साल जो कुछ भी किया, उसे देखकर ऐसा लगता है कि उनको रिलीज किया जाना तय है। अब ऐसे में वॉर्नर किन फ्रेंचाइजी टीमों के लिए खेल सकते हैं, इस पर सहवाग ने अपनी राय रखी है। सहवाग ने क्रिकबज पर कहा, 'अगले साल दो नई फ्रेंचाइजी टीमें भी टूर्नामेंट में खेलेंगी और उनके पास बाकी टीमों से पहले तीन खिलाड़ियों को चुनने का मौका होगा, ऐसे में वह वॉर्नर को चुन सकती हैं।

# 108 साल बाद वाराणसी के श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में विराजीं मां अन्नपूर्णा

## सीएम योगी ने खुद उठाई मां की पालकी



**वाराणसी।** कनाडा से काशी लाई माता अन्नपूर्णा की मूर्ति काशी विश्वनाथ धाम में प्रतिष्ठित हो गईं। सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक विधान से माता की मूर्ति की पूजा कर स्थापना का विधान पूर्ण किया। इससे पहले एक तरफ सुबह छह बजे काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चकों ने धाम में प्राण प्रतिष्ठा का विधान आरंभ किया और ठीक उसी समय शहर के दक्षिणी हिस्से स्थित देवी कूष्मांडा के दरबार के समक्ष माता अन्नपूर्णा का पूजन अर्चन कर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। दुर्गा मंदिर परिवार के वरिष्ठ सदस्य पं. कौशलपति द्विवेदी ने माता अन्नपूर्णा की आरती उतारी। इसके बाद हरहर महादेव और माता अन्नपूर्णा की जय के घोष के बीच भव्य शोभायात्रा काशी विश्वनाथ धाम के लिए आगे बढ़ी। रास्ते में हर थोड़ी-थोड़ी दूर पर आस्थावान सनातनी, जिनमें काशीवासियों से लेकर तीर्थयात्री तक शामिल रहे, माता पर पुष्प वर्षा करने के लिए कतारबद्ध खड़े रहे। धर्मसंघ शिक्षामंडल की ओर से पुष्पवर्षा और आरती की विशेष व्यवस्था की गई। विजया चौराहे पर नजारा देखते ही बजता था। समूचा इलाका पारंपरिक परिधान धारण किए आस्थावानों से पटा दिख रहा था। मेयर मृदुला जायसवाल, विधायक रवींद्र जायसवाल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव सहित पार्टी के कई प्रमुख नेता व्यवस्था में लगे रहे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में सबसे अधिक समय तक लगातार कथक नृत्य करने के लिए नाम दर्ज कराने वाली सोनी चौरसिया और उनके गुरु राजेश डोंगरा के नेतृत्व में रोलर स्केटिंग टीम के बच्चे शोभायात्रा की पायटिंग करते हुए चल रहे थे। एक वाहन पर सजे मंच से कलाकार भक्ति गीतों की सजीव प्रस्तुति कर रहे थे। मदनपुरा में मुस्लिम समाज की ओर से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा की व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिक सुरक्षा और रेडक्रास के स्वयं सेवक रास्ते भर सक्रिय दिखे। शोभायात्रा करीब साढ़े नौ बजे ज्ञानवापी पहुंची। सत्यनारायण मंदिर की ओर से माता की शोभायात्रा और चौक की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला एक ही साथ छत्ताद्वार पहुंचा। विश्वनाथ मंदिर के महंत डा. कुलपति तिवारी और पहले से वहां मौजूद भाजपा के वरिष्ठनेताओं ने सीएम की अगवानी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पूजा स्थल पर पहुंचने के कुछ मिनटों बाद विशाल रथ पर सवार माता अन्नपूर्णा की मूर्ति कॉरिडोर में प्रवेश कराई गई। अंदर पहुचने के बाद माता अन्नपूर्णा को बाबा विश्वनाथ की रजत पालकी पर विराजमान करा के पूजन स्थल तक ले जाया गया।

## देश-प्रदेश के विकास के लिए स्वामी विवेकानंद चाहिए, जिन्ना नहीं : संबित पात्रा

**मेरठ।** मेरठ में स्थित सुभारती विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में युवा मोर्चा की ओर से आयोजित युवा उत्थान कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्ना की बात करने वाले देश प्रदेश का विकास नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए जिन्ना नहीं, विवेकानंद चाहिए। केवल वोट की राजनीति और तुष्टीकरण के लिए जिन्ना का नाम लिया गया। देश प्रदेश के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि ऐसे लोगों से विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कांग्रेस को लेकर भी हमला बोला और जी का जंजाल बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की योगी सरकार ने माफियाओं का खात्मा किया है। माफिया अब यहां की जेल में रहना भी नहीं चाहते। पंजाब की जेल में रहते हैं तो व्हीलचेयर पर चलते हैं प्रदेश में आते हैं तो खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि अब माफियाओं की नहीं विकास की सरकार चलेगी।

# वित्त मंत्री संग बैठकः महामारी के बाद आर्थिक रिकवरी पर हुआ मंथन, राज्यों को मिलेंगे अतिरिक्त 47541 करोड़




**नई दिल्ली।** देश में महामारी के बाद आर्थिक रिकवरी पर मंथन के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में राज्यों के मुख्यमंत्रियों व वित्त मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें राज्यों ने पूंजीगत व्यय बढ़ाने का आग्रह किया। वित्त मंत्री ने बताया कि 22 नवंबर को राज्यों को 47,541 रुपये के मासिक हस्तांतरण के अलावा इतनी ही राशि अतिरिक्त रूप से जारी की जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वित्त मंत्री सीतारमण की अध्यक्षता में हुई बैठक में 15 राज्यों के मुख्यमंत्री, तीन राज्यों के उपमुख्यमंत्री, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल व अन्य राज्यों के वित्त मंत्री शरीक हुए। बैठक का विषय कोरोना महामारी के बाद देश में आर्थिक रिकवरी। बैठक के बाद वित्त मंत्री ने बताया कि कुछ मुख्यमंत्रियों ने राज्यों का पूंजीगत व्यय बढ़ाने का आग्रह किया। उनका कहना था कि यह उनके लिए कर हस्तांतरण का एक हिस्सा पाने में मददगार होगा। सीतारमण ने बताया कि मैंने वित्त सचिव को तुरंत ऐसा करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा वित्त सचिव को 22 नवंबर को राज्यों को 47,541 रुपये की संचयी मासिक हस्तांतरण राशि के साथ अतिरिक्त 47,541 करोड़ रुपये जारी करने की सलाह दी है। इसका यह अर्थ हुआ कि राज्यों को मासिक हस्तांतरण राशि के अलावा, राज्यों को इतनी ही राशि की अतिरिक्त किस्त दी जाएगी। वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने बताया कि पेट्रोल के दाम में पांच रुपये लीटर व डीजल के दाम में 10 रुपये लीटर की एक्साइज ड्यूटी नॉन शेयरेबल हिस्से से कम की गई है। यानी इससे होने वाला समूचा नुकसान केंद्र सरकार उठाएगी। इसके कारण राज्य सरकार को कोई बोझ नहीं उठाना होगा।

# प्रियंका गांधी की अचानक बिगड़ी तबीयत, मुरादाबाद दौरा टला



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की अचानक तबीयत बिगड़ने से उनका मुरादाबाद का प्रस्तावित दौरा ऐन वक्त पर स्थगित कर दिया गया है। इससे कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं व पदाधिकारियों के मायूस हो गए। प्रियंका को करीब से देखने और संवाद की उम्मीद लगाए कार्यकताओं को गहरा झटका लगा है।

पार्टी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि तेज वायरल बुखार होने के चलते प्रियंका आज मुरादाबाद के कांग्रेस पदाधिकारी सम्मेलन में पहुंचने में असमर्थ हैं। कल हल्का बुखार होने के बावजूद वे बुलंदशहर सम्मेलन में पहुंची थीं। मुरादाबाद में आज पदाधिकारी सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू एवं अन्य वरष्ठि नेता संबोधित करेंगे। प्रियंका ठीक होते ही मुरादाबाद में अपने कार्यक्रम की घोषणा करेंगी। उधर, प्रियंका का कांग्रेस पदाधिकारी प्रतिज्ञा सम्मेलन का दौरा स्थगित हो जाने से पार्टी कार्यकताओं में मायूसी छा गई है। आज दोपहर 12 बजे लाइन पार रामलीला मैदान मुरादाबाद में प्रियंका को पश्चिम उत्तर प्रदेश के 12 जिलों के कांग्रेस कार्यकताओं के कांग्रेस पदाधिकारी प्रतज्ञिा सम्मेलन को संबोधित करना था। लाइनपार रामलीला मैदान में कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू आज सुबह पहले ही यहां पहुंच चुके हैं। सम्मेलन में मुरादाबाद, बरेली और सहारनपुर मंडल के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था।

# लखनऊ में छह माह की दुधमुंही और 10 साल की बच्ची का रेप, हालत गंभीर

**लखनऊ।** लखनऊ के सआदतगंज में एक छह माह की दुधमुंही और 10 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ। दुधमंही की हालत नाजुक हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। मूल रूप से पटना निवासी एक परिवार के लोग सआदतगंज अंबरगंज में किराए पर रहकर चूड़ी बेचने का काम करते हैं। रविवार रात परिवार की छह माह की मां खाना बना रही थी। बीच बच्ची रोने लगी। आरोप है कि बच्ची का रोना सुनकर पड़ोस में रहने वाला सनी कुमार पहुंचा। बच्ची को चुप कराने के लिए उसने उसे गोद में ले लिया और उसके साथ खेलने लगा। बच्ची को खेल-खेल में वह अपने पड़ोस स्थित घर ले गया। जहां, उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची की चीख-पुकार और रोना सुनकर घर वाले दौड़े तो सनी बच्ची को छोड़कर भागा। इस पर लोगों ने सनी को दौड़ाकर दबोच लिया और उसे जमकर पीटने के बाद पुलिस को सौंपा।बच्ची की हालत नाजुक देख उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां बच्ची को भर्ती कर लिया गया। उधर, बीते 12 नवंबर की सुबह बीबीगंज में 10 साल की बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। इस बीच पड़ोस में रहने वाला शमशाद बच्ची को टाफी दिलाने के बहाने उसे अपने साथ ले गया। बच्ची को अपने घर ले जाकर छेड़छाड़ करने लगा। बच्ची के विरोध पर उसे पीटा। दुष्कर्म किया और बच्ची को धमकाते हुए भाग निकला। बच्ची बदहवास हो गई। बच्ची घर पहुंची को परिवारीजन को घटना की जानकारी हुई। बच्ची के घर वालों ने थाने पहुंचकर आरोपित के खिलाफ तहरीर दी। घटना से बच्ची के घर वालों में आक्रोश है। इंस्पेक्टर सआदतगंज ब्रजेश कुमार यादव ने बताया कि सनी और शमशाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो की कार्यवाई की गई है।

## मुंबई में सैमसंग के सर्विस सेंटर में आग

# फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियां बुझाने में जुटीं

## बिल्डिंग के अंदर से आ रहीं धमाके की आवाजें



**मुंबई।** मुंबई में सोमवार देर रात 9 बजे मोबाइल और होम एप्लायंस बनाने वाली कंपनी सैमसंग के सर्विस सेंटर में आग लग गई। यह सर्विस सेंटर कांजुर मार्ग इलाके के हेवी इंडस्ट्रियल स्टेट में है। आग से कितना नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। आग पर अब तक काबू नही पाया जा सका है। अंदर से धमाके की आवाजें भी आ रही हैं। मुंबई जोन 7 के डीसीपी प्रशांत कदम ने बताया कि हमें रात करीब 9 बजे कांजुर मार्ग स्थित सैमसंग सर्विस सेंटर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की जानकारी मिली। घटनास्थल पर अभी 10-12 दमकल वाहन मौजूद हैं। स्थानीय लोगों को शिफ्ट कर दिया गया है। बचाव अभियान जारी है। हादसे में अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

ऑनलाइन डिलिवरी के लिए के लिए जो ऑर्डर आते हैं उन इलेकट्रॉनिक वस्तुओं को यहां रखा जाता है। यानी गोदाम के तौर पर इस जगह का इस्तेमाल होता है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की रिपेयरिंग के लिए यहां सामान लाए जाते हैं। फिलहाल आग क्यों लगी और इसके तेजी से फैसले की वजह सामने नहीं आ पाई है। सैमसंग के सर्विंग सेंटर के पास ही यहां तीन अन्य कंपनियों के गोदाम भी मौजूद हैं। इनमें से एक सफोला एडिबल ऑयल का गोदाम भी है। आग की लपटें काफी ऊंचाई तक जाती हुई दिखाई दे रही हैं। आग के इस विकराल रूप को देख कर स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। जानकारी के मुताबिक सर्विस सेंटर से सोमवार शाम को ही स्थानीय लोगों ने धुंआ निकलता देखा। जब तक लोग कुछ समझ पाते पूरे सेंटर को आग ने घेर लिया था। आनन-फानन में आसपास की इमारतों को खाली करवाकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। अभी तक कोई भी श्ख्स घटना में घायल नहीं हुआ है, लेकिन पूरी तस्वीर आग बुझने के बाद ही साफ हो पाएगी। आग की लपटें अभी भी काफी तेज हैं। इस पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो इसके रिहायशी इलाकों तक बढ़ने का खतरा है। बताया जा रहा है कि कांजुर मार्ग के पास एक झोपड़पट्टी भी है। एहतियात के तौर पर झोपड़पट्टी से आने-जाने का रास्ता बंद कर दिया गया है। यहां से लोगों को दूर हटाया जा रहा है। आग पर नियंत्रण पाने का काम युद्ध स्तर पर जारी है।

# राकेश टिकैत बोले- खाद पर किसानों को मिले सीधी सब्सिडी




**अलीगढ़।** मौजूदा सरकार किसानों का उत्पीड़न व उन्हें लूटने में लगी है। इसलिए किसान सरकार का हर मुद्दे पर डटकर सामना करें। किसानों को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने की जरूरत है। उक्त बातें भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने मथुरा अड्डा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के स्मारक पर माल्यार्पण के बाद मीडिया से कहीं। दिल्ली में कृषि कानून के खिलाफ चल रहे आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के बाद चर्चा में आए, भाकियू के दिवंगत राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के दूसरे बेटे राकेश टिकैत रविवार को सादाबाद पहुंचे। स्थानीय किसान नेताओं से मुलाकात के बाद उन्होंने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के स्मारक पर माल्यार्पण का किया। यहां प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन पर सरकार की ओर से लगाए जा रहे विभिन्न आरोपों के जवाब में राकेश टिकैत ने कहा कि आरोप तो लगते रहते हैं। हम तो सरकार से बस इतना चाहते हैं कि सरकार एमएसपी पर गारंटी कानून लेकर आए। जो कानून सरकार ने पास किए हैं, उन्हें वापस किया जाए। किसानों को फसलों के दामों को लेकर गारंटी कार्ड मिलना चाहिए। इससे किसानों की फसलों को मंडियों में कम भाव पर ना खरीदा जा सके। महंगाई को लेकर उन्होंने कहा कि जब तक सरकार रहेगी महंगाई यूं ही बढ़ती रहेगी और किसानों का उत्पीड़न होता रहेगा। खाद की किल्लत पर किसान नेता ने कहा कि सरकार को खाद पर किसानों को सीधी सब्सिडी देनी चाहिए। सरकार कंपनियों को सब्सिडी देती है और किसानों को खाद की किल्लत का सामना करना पड़ता है। दिल्ली में चल रहे आंदोलन को लेकर उन्होंने कहा कि यह सरकार के खिलाफ वैचारिक क्रांति है। जब तक सरकार तीनों कानूनों को वापस नहीं लेती तब तक किसान अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ता रहेगा। किसान आंदोलन और राजनीतिक परिदृश्य के बारे में उन्होंने कहा कि किसान कम से कम मौजूदा सरकार को सपोर्ट नहीं करेगा। यह सरकार किसानों के खिलाफ है। बाकी सब लोग बहुत समझदार हैं। आने वाली जो सरकार बनेगी, उसका निर्णय जनता खुद करेगी। वार्ता के दौरान कई स्थानीय किसान नेता उनके साथ स्मारक पर मौजूद रहे।

# भाजपा और योगी के लिए 2002 जैसा टर्निंग पॉइंट होगा यूपी चुनाव

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों को लेकर सत्ताधारी भाजपा पूरी तैयारी में जुटी है। एक तरफ यह चुनाव 2024 में भाजपा की केंद्र वापसी के लिहाज से अहम माना जा रहा है तो वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के राजनीतिक भविष्य के लिए भी यह बेहद अहम है। यह चुनाव भाजपा में वैकल्पिक नेतृत्व तैयार करने के लिए भी बेहद अहम है। एक तरफ यूपी चुनाव देश में राजनीति की आने वाली दिशा तय करेगा तो वहीं भाजपा के भीतर भी उठ रहे कई सवालों के जवाब उत्तर प्रदेश के नतीजों से मिल सकते हैं। दरअसल 2022 में एक तरह से भाजपा के भीतर 2002 की स्थिति दोहराने वाली है। बात यह है कि 2002 में गुजरात विधानसभा के चुनावों ने मोदी के कद को बढ़ा दिया था और उनकी राष्ट्रीय राजनीति में एक तरह से एंट्री की शुरूआत हो चुकी थी।

अब ठीक 20 साल बाद फिर से ऐसी ही स्थिति पैदा हुई है, जब योगी जीते तो वह यूपी के बाहर भी एक राष्ट्रीय नेता के तौर पर उभरते दिख सकते हैं। इसके साथ ही भाजपा में मोदी के बाद कौन के सवाल का जवाब भी आंशिक तौर पर मिल सकता है। हाल ही में दिल्ली में हुई भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया था। यह पहला मौका था, जब राष्ट्रीय स्तर पर सीएम योगी को इस तरह से सम्मान मिला था। अब यदि वह जीत हासिल करते हैं तो फिर उनका कद जनता के बीच भी बढ़ता दिखेगा।

## आजम खान की बढ़तीं मुश्किलें, लखनऊ की सीबीआई कोर्ट में हुए पेश

**लखनऊ।** जल निगम भर्ती घोटाले में आरोपी सपा सरकार में मंत्री रहे आजम खान सोमवार को लखनऊ सीबीआई कोर्ट में पेश हुए। इसके बाद आजम खान वापस सीतापुर जेल भेज दिए गए। मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। आगे की सभी सुनवाई अब वीडियो कांफ्रेंसिंग से होगी। पुलिस और प्रशासनिक अफसर आजम खान को सुबह सीतापुर जेल से लेकर लखनऊ आईत्र बताते हैं कि एण्टीकरप्शन कोर्ट में आजम की सुनवाई हुई है। जेल अधीक्षक ने बताया है कि कोर्ट में पेश होने के लिए सीबीआई कोर्ट से सम्मन आया था। विशेष सुरक्षा के साथ सांसद को भेजा गया है।

# ईरानी महिलाओं को खतरे में डालने वाला जनसंख्या वृद्धि कानून



नई दिल्ली। मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच के मुताबिक देश की ाबादी बढ़ाने के लिए ईरान का नया कानून महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है. समूह ने कहा कि कानून ईरानी महिलाओं की यौन और प्रजनन स्वास्थ्य आवश्यकताओं का उल्लंघन करता है.ह्यूमन राइट्स वॉच ने मांग की है कि ईरान बिना किसी देरी के नए कानून को निरस्त करे और इसके उन सभी प्रावधानों को हटा दे, जिससे ईरानी महिलाओं के मौलिक अधिकारों का और उल्लंघन हो सकता है. इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान में नए कानून को 1 नवंबर को शूरा गार्जियन नामक एक राष्ट्रीय निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया था. कानून को ₹देश की आबादी और सहायक परिवारों में युवाओं के अनुपात में वृद्धि₹ के रूप में करार दिया गया है. कानून पुरुषों और महिलाओं की नसबंदी और ईरानी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में गर्भ निरोधकों के मुफ्त वितरण को प्रतिबंधित करता है. अगर गर्भावस्था की स्थिति में किसी महिला के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा होने का जोखिम हो तो इसमें छूट है. कानून वर्तमान में सात साल के लिए प्रभावी है और ईरान ने पहले से ही गर्भपात और गर्भ निरोधकों तक पहुंच पर प्रतिबंध लगा रखा है. इस कानून को देश की संसद ने इसी साल 16 मार्च को गार्जियन काउंसिल द्वारा अनुमोदित किए जाने से पहले पारित किया था

जैसे ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा और देश के आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा तब कानून लागू हो जाएगा और इस महीने के अंत में ऐसा होने की संभावना है. ह्यूमन राइट्स वॉच में ईरान पर एक वरिष्ठ शोधकर्ता तारा सहपहरी फर कहती हैं, ₹ईरानी सांसद लोगों के सामने आने वाले गंभीर मुद्दों, जैसे कि सरकारी अक्षमता, भ्रष्टाचार और राज्य दमन का समाधान करने के लिए अनिच्छुक हैं. और इसके बजाय महिलाओं के मौलिक अधिकारों पर हमला करते हैं₹ तारा सहपहरी के मुताबिक, ₹जनसंख्या वृद्धि कानून ईरान की आधी आबादी को स्वास्थ्य, बुनियादी अधिकार और गरिमा से वंचित करता है।

## अमेजन के पक्षियों का घट रहा आकार

**नई दिल्ली।** एक नए शोध के मुताबिक अमेजन के जंगलों के अनछुए हिस्सों में भी जलवायु परिवर्तन का असर हो रहा है. पक्षियों के शरीर का आकार घट रहा है और उनके पंखों का फैलाव बढ़ रहा है.साइंस अड्वांसेस पत्रिका में छपे नए शोध के नतीजों में दावा किया गया है कि पिछले चार दशकों में ज्यादा गर्म और सूखे मौसम की वजह से अमेजन के जंगलों के अंदर रहने वाले पक्षियों पर यह असर पड़ रहा है. अनुमान लगाया जा रहा है कि ये बदलाव पोषण संबंधी और अन्य चुनौतियों की प्रतिक्रिया के रूप में आए होंगे. यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि ऐसा विशेष रूप से जून से नवंबर के सूखे मौसम के दौरान हुआ होगा. इस शोध के मुख्य लेखक वितेक जिरिनेक का कहना है, ₹मेरे लिए सबसे बड़ी बात यह है कि यह सब दुनिया के सबसे बड़े वर्षावनों के ठीक बीच में ऐसी जगह हो रहा है जहां इंसानों का सीधा हस्तक्षेप भी नहीं है₹ वजन में दो प्रतिशत की कमी जिरिनेक इंटीग्रल इकोलॉजी रिसर्च सेंटर में इकोलॉजिस्ट हैं।

# अफगानिस्तान के ग्रामीण क्षेत्र में शांति की उम्मीद जगी



**नई दिल्ली।** एक समय पर लड़ाई का खामियाजा भुगतने वाले अफगानिस्तान के कई गांवों में तालिबान की जीत ने हवाई हमलों और अंतिम संस्कार के एक चक्र को तोड़ दिया है.समाचार एजेंसी एएफपी की एक रिपोर्ट के मुताबिक अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार की स्थापना और अमेरिकी सैनिकों की वापसी ने इस संभावना को बढ़ा दिया है कि देश के गांवों में लोगों की दिनचर्या अब पहले जैसी हो सकती है. काबुल पर तालिबान के कब्जे और अगस्त में अमेरिकी सैनिकों की वापसी ने दुनिया को हिला दिया और अफगानों की आजादी को प्रभावित किया. जिसका विशेष रूप से शहरी मध्यम वर्ग द्वारा आनंद लिया जा रहा था. हिंसा से मिली आजादी उत्तरी अफगानिस्तान के बल्ख से लगभग 30 किलोमीटर दूर दश्तन गांव की एक अमीर महिला माकी का कहना है कि वह तालिबान को सब कुछ दे देगी क्योंकि गोलियों की आवाज अब थम गई है. माकी अपना समय अपने गांव की कुछ अन्य महिलाओं के साथ कपास की कताई में बिताती है और यही उसकी आजीविका का स्रोत है. माकी जैसे कुछ ग्रामीण सोचते हैं कि युद्ध समाप्त हो गया है और लोग तालिबान से खुश हैं. माकी एएफपी से कहती हैं, ₹अब फायरिंग की कोई आवाज नहीं आती है. युद्ध खत्म हो गया है और हम तालिबान से खुश हैं₹ दश्तन के एक अन्य निवासी हाजीफत खान ने कहा कि गांव में महिलाएं और सभी पुरुष तालिबान समर्थक थे और सत्ता पर तालिबान के कब्जा करने से बहुत खुश थे. 82 वर्षीय हाजीफत का कहना है कि उनके देश में अब शांति है

अफगानिस्तान के गांवों में गरीबी का स्तर बेहद गंभीर हो गया है. ग्रामीणों के पास खाने के लिए पर्याप्त भोजन नहीं है और मौसम भी ठंडा हो रहा है. सर्दी से बचने के लिए वे लकड़ी जलाते हैं. मुश्किल परिस्थितियों में जी रहे लोग दश्तन गांव कभी आरामदायक था और अधिकांश परिवार आसानी से जिंदगी बिता सकते थे, लेकिन युद्ध के दौरान गरीबी इतनी बढ़ गई कि अधिकांश परिवारों ने अपना घर छोड़ दिया. अब कुछ परिवार मुश्किल परिस्थितियों में रह रहे हैं. अफगान शहरों में जीवन में कुछ हद तक सुधार हुआ है क्योंकि अरबों डॉलर की मदद का एक छोटा सा हिस्सा किसी तरह निचले इलाकों तक पहुंच जाता है. दूसरी ओर गांवों में जीवन अत्यंत कठिन, परेशान करने वाला और दयनीय है. इन गांवों के लोगों का मानना ??है कि तालिबान जो इस्लामी आंदोलन के सदस्य होने का दावा करते हैं देश के हर वर्ग में फैले भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए व्यावहारिक उपायों की शुरूआत करते हुए अपनी सरकार को मजबूत करेंगे।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.
UPHIN 2001/9025